CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 25°C

मुरादाबाद, मंगलवार 29 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी

पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

खेल टाइम्स



संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप

सम्पादकीय



मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डाक्टरों को दिया धन्यवाद

पेज़ 12

## राज्यसभा में गतिरोध जारी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध सोमवार को भी दूर नहीं हो सका और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे , फिर दो बजे और अंतत: दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र का पहला सप्ताह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे सप्ताह के पहले दिन भी कोई विधाई कामकाज नहीं हो सका। पहले सप्ताह में केवल एक विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित हो सका था। बारह बजे के स्थगन के बाद दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुन: शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में कांग्रेस के वक्ताओं में थरूर का नाम शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी से अलग-थलग नज़र आ रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक श्री थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कांग्रेस को साफ-साफ कह दिया है कि वह इस मसले पर वही बात कहेंगे, जो कहते आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने थरूर से बहस में शामिल होने के लिए कहा था जिस पर उन्होंने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की आलोचना करने वाली पार्टी लाइन का पालन नहीं कर सकते। उनसे जब संसद परिसर में पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल किया, तो उन्होंने इस पर कोई जवाब देने की बजाय सिर्फ कहा 'मौन व्रत'।

## राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, आठ जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है।

## उपग्रह निसार का प्रक्षेपण कल

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। 2,400 किग्रा वज़न के इस उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ 16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

# IIT खड़गपुर में चार छात्रों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान लेते हुए किया सवाल
- क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में खड़गपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गत जनवरी से चार विद्यार्थियों की कथित आत्महत्या के मामले में सोमवार को गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? इस साल जनवरी से आईआईटी खड़गपुर परिसर में यह चौथा ऐसा मामला था।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए ये उन संस्थानों से पूछा कि क्या उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर विचार किया है? आईआईटी खड़गपुर की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में 10 सदस्यीय समिति और एक परामर्श केंद्र का गठन किया गया है। इस तरह से वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे छात्रों की पहचान कर रहे हैं। एक फ़ोन नंबर दिया गया है जिस पर कभी भी कॉल कर मदद ली जा सकती है। पीठ के समक्ष आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय के वकीलों ने बताया कि दोनों घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इन तथ्यों से अवगत होने के बाद अदालत ने कहा कि वह आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगी और स्पष्ट किया कि मामले में जांच जारी रह सकती है। पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि जहां तक शारदा विश्वविद्यालय में हुई घटना का सवाल है, मृतक के पिता की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और जांच जारी है। इसे कानून के अनुसार आगे बढ़ने दें।




## बिहार की मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप को प्रकाशित करने से रोकने से इन्कार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है, तो वह उसे रद्द कर सकती है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया, तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है।

# हापुड़ में गैंगस्टर डबलू यादव ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हापुड़।** उप्र पुलिस की एसटीएफ ने हापुड़ जिले के सिंभावली इलाके में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर डबलू यादव को मार गिराया।

एसटीएफ की नोएडा इकाई ने बिहार पुलिस और हापुड़ पुलिस के सहयोग से सोमवार तड़के इस मुठभेड़ को अंजाम तक पहुंचाया। बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी डबलू यादव को मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लगी। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव एक कुख्यात अपराधी था और बिहार में एक चर्चित हत्याकांड सहित कई गंभीर मामलों का मुख्य आरोपी था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था।

# राजनाथ का दावा: किसी दबाव में नहीं रुका 'ऑपरेशन सिंदूर'

## कहा: परीक्षा में पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं, बल्कि परीक्षाफल पर फोकस जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय से कर लिए गए थे हासिल

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया।

श्री सिंह ने सोमवार को सदन में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि हमने किसी के दबाव में आकर इसे नहीं रोका, बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद -**शेष पृष्ठ दो पर**

## लोकसभा में जयशंकर की दो टूक

### 22 अप्रैल से 17 जून तक पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम के बाद भारत का रुख आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस), आत्मरक्षा का अधिकार का है। विदेश मंत्री ने लोकसभा में बोलते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की कूटनीतिक रणनीति का जिक्र किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तथ्य रखे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की।

## पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्य सामने लाएं: विपक्ष



**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले को लेकर पूरी सच्चाई देश के सामने लानी चाहिए और कांग्रेस सच्चाई के साथ है, लोकतंत्र के साथ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित तभी तथ्य संसद में रखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध में रफाल लड़ाकू विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसकी जानकारी देश को देनी चाहिए। ये अरबों रुपये की कीमत के विमान हैं और भारत के पास सिर्फ 35 रफाल विमान हैं, ऐसे में इनकी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सिर्फ सैन्य बलों को मिलेगा, इसकी सफलता का श्रेय कोई और नहीं ले सकता।

# जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट में सवाल-जवाब शुरू



- पूछा: आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी
- अगली सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा कि संबंधित न्यायिक आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतज़ार क्यों किया?

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके अधिवक्ता से पूछा कि उन्होंने आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी और अगर यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत था, तो उन्होंने इसके अधिकार क्षेत्र को क्यों स्वीकार किया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सवाल किया कि जब समिति गठित की गई थी तब आपने चुनौती क्यों नहीं दी? आपने इंतज़ार क्यों किया? न्यायाधीश पहले भी इन कार्यवाहियों में शामिल होने से बचते रहे हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि आंतरिक जांच रिपोर्ट केवल एक तथ्य-खोज दस्तावेज़ है, न कि साक्ष्य और वह इससे कैसे असंतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत जांच में मुद्दे की पड़ताल करने और शपथ के तहत साक्ष्य लेने की व्यापक शक्तियां हैं। अदालत ने यह भी बताया कि शीर्ष न्यायालय के निर्णयों ने आंतरिक प्रक्रिया की पवित्रता को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को करेगी।

# मप्र के मंत्री विजय शाह की नीयत पर कोर्ट को संदेह

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे एसआईटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है।


कारण है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब तक उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी। कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं। जांच कर रही एसआईटी को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे।

## CBI ने महुआ के खिलाफ लोकपाल को जांच रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ लोकपाल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर लोकपाल तय करेगा कि टीएमसी सांसद पर आगे क्या कार्रवाई करनी है। महुआ पर उनके पूर्व प्रेमी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने 14 अक्टूबर, 2023 को संसद में सवाल पूछने के बदले घूस लेने के आरोप में सीबीआई में केस दर्ज कराया था।

# कुत्तों के काटने से मौत पर शीर्ष अदालत ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की आ रही खबरें
- मीडिया रिपोर्ट को बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कुत्तों के काटने से छह साल की एक बच्ची की असामयिक मृत्यु से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को 'स्वत: संज्ञान' लिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री से कहा कि वह इस मामले को जनहित में स्वत: संज्ञान याचिका के रूप में दर्ज करें।

पीठ ने कहा कि इस आदेश को उचित आदेश के लिए समाचार रिपोर्ट के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए। पीठ ने इस मीडिया रिपोर्ट को 'बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक' बताते हुए कहा कि शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज हो रहा है। आमतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसके शिकार हो रहे हैं। कुत्तों के काटने से संबंधित यह खबर राष्ट्रीय राजधानी की है। कथित तौर पर एक पागल आवारा कुत्ते के काटने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि इस समाचार में कुछ चिंताजनक और विचलित करने वाले आंकड़े और तथ्य हैं। शीर्ष न्यायालय ने गत 15 जुलाई को नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा था कि आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं खिलाते?

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की नई ओबीसी सूची पर रोक लगाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी की नई सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने प.बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है।

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत तीन आतंकी मारे गए

श्रीनगर, वार्ता

- ऑपरेशन महादेव के दौरान मिली सेना को सफलता

**जम्मू-कश्मीर में** श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक आतंकी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे।

# पुरैना में दिनदहाड़े चोरी

## क्षेत्र में दहशत का माहौल बना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पुरैना में दिनदहाड़े चोरी होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। चोर व बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

प्रात समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पुरैना में दिनदहाड़े एक घर में घुसकर चोरों ने दो हजार रूपए व सोने की अंगूठी चोरी कर ली। चोरी होने से परिवार में दहशत का माहौल पैदा हो गया। चोरों की दहशत से महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। चोरी की खबर मिलते ही पुलिस के पैरों तले से जमीन खिसक गई। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी के साथ जांच कर चोरों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि रात हो या दिन, वह खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# आस्था का केंद्र नाग देवता का मंदिर

## माथा टेकने के लिए आ रहे श्रद्धालू

**राशिद कुरैशी**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर असल में स्थित नाग देवता का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर में माथा टेकने के लिए गैर जनपद से भी लोग आते हैं। मान्यता है कि मंदिर में माथा टेकने से कालसर्प दोष शांत हो जाता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फतेहपुर में स्थित नाग देवता के मंदिर का निर्माण लगभग पच्चीस वर्ष पूर्व ग्रामीणों द्वारा कराया गया था। ग्रामीण संदीप त्यागी ने बताया कि लगभग 27 वर्ष पूर्व एक नाग और नागिन का जोड़ा अक्सर ग्रामीणों को गांव में घूमता नजर आता था। मंदिर



वाले स्थान पर यह जोड़ा लगभग दो माह तक रहा। नाग-नागिन ने कभी भी किसी ग्रामीण को कुछ नहीं कहा। ग्रामीणों ने भी नाग नागिन के जोड़े को श्रद्धापूर्वक पूजना शुरू कर दिया। ग्रामीण महिलाएं नाग-नागिन के लिए दूध रख जाती थी। एक दिन नागिन की मृत्यु हो गई। उसके कुछ ही दिन बाद नाग ने भूमि पर गोल घूमना शुरू कर दिया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण उस स्थान पर एकत्र हो गए।

बताया जाता है कि एक ग्रामीण ने नाग से मंदिर बनाने के बारे में पूछा तब नाग ने हां में सिर हिलाया और इसके कुछ ही समय बाद नाग की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने नाग देवता का अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद सभी ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम में नाग देवता के मंदिर का निर्माण कराया।

ग्रामीण अनिल त्यागी, मनोज त्यागी, अरुण त्यागी, योगेंद्र त्यागी, संजय कुमार, रविंद्र त्यागी, विनीत त्यागी, विपिन त्यागी, गजेंद्र त्यागी, विनीत सैनी आदि ने बताया कि मंदिर में दूसरे जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। काल सर्प दोष से पीड़ित श्रद्धालु भी मंदिर में आकर काल सर्प दोष शांति की पूजा करवाते हैं। मंदिर में प्रतिदिन जल चढ़ता है। नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर पर दो दिवसीय मेला लगता है।

# शनाया सिंह राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के लिए चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मोहल्ला लाल सराय निवासी भाजपा नेता रोहित रवि की पुत्री शनाया सिंह जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड-मानक 2024-25, जिसके अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्र एवं छात्राओं को नवाचार (Innovation) करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसकी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रामपुर में किया गया, जिसमें प्रतिभाग कर रोहित रवि की पुत्री शनाया सिंह छात्रा मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी बिलासपुर-रामपुर ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में 'मनी डिटेक्शन मशीन' बनाकर प्रतियोगिता जीती एवं उनका राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी जो कि लखनऊ में आयोजित की जाएगी के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता जीतने पर अब रूपए 50000 की धनराशि भारत सरकार की ओर से प्रोजेक्ट को बनाने के लिए सहायता स्वरूप दी जाएगी।

अवार्ड जीतने के उपलक्ष में मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी के डायरेक्टर बलवीर सिंह मली एवं प्रधानाचार्य अनीता सिंह एवं कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर राखी उप्पल ने संयुक्त रूप से शनाया सिंह एवं उनके पिता रोहित रवि को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, मेडल एवं शील्ड देकर विद्यालय में सम्मानित किया।

# पुलिस कर रही ग्रामीणों को जागरूक

## अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र कोतवाली के प्रांगण में ड्रोन कैमरे को लेकर शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी व संचालन थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने किया।



सीओ राजेश सोलंकी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल जगह-जगह अफवाएं फैलाई जा रही हैं कि चोर गिरोह ड्रोन उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज इसी को लेकर थाने में एक बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा पुलिस ग्राम-ग्राम व कस्बे में जागरुकता अभियान चला रहा ही। उन्होंने बैठक में लोगों को समझाया कि अफवाहों पर ध्यान न दें। यह भी समझाया कि ड्रोन से कोई रेकी नहीं कर रहा है और न ही यह चोरों का कोई गैंग है। वहीं ग्राम के लोगों का क्या कहना है कि इन दिनों ड्रोन गैंग घूम रहा है। रात के अंधेरे में चोरों के द्वारा ड्रोन उड़ाए जाते हैं और फिर रेकी की जाती है। सीईओ राजेश सोलंकी ने बताया कि कहीं भी कोई ड्रोन नहीं उड़ रहा है। लेकिन इन दिनों ग्राम देहात व कस्बे में अफवाह फैल रही है कि रात में ग्राम व कस्बे के ऊपर ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा यदि कोई अफवाह फैलाने का काम करेगा, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि आप अफवाहों से दूर रहें। चेताया कि अगर कोई भी व्यक्ति ड्रोन की अफवाह फैलाएगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा यदि कहीं पर भी कुछ गलत हो रहा है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस वहां पहुंच कर कार्यवाही करने का काम करेगी। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि सभी ग्राम-ग्राम में मुनादी कर प्रधान लोग बोले कि ड्रोन वगैरा कुछ नहीं है। केवल किसी ने खिलौना उड़ा दिया है। उस पर अफवाह चल रही हैं। आप लोग पुलिस का सहयोग करें।

बैठक में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष नफीस कुरैशी, सभासद मौहम्मद इरफान, एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई हरवीर कुमार, एस आई शेर सिंह, कांस्टेबल विशाल कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, मास्टर सलाउद्दीन, प्रधान शकील सीरवासूचन्द, रजी प्रधान कासमपुर गढ़ी, सलाउद्दीन सेफी, मास्टर मुगीज, मेंबर कलवा कुरैशी,भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के युवा नेता फहद शाहिद, स्वर्ण सिंह, विपिन कुमार, प्रधान कपिल, प्रधान यामीन, प्रधान रईस, रसूल आबाद आदि लोग बैठक में मौजूद रहे।

# नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** छह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के चतुर्थ दिवस पर आज रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में नव प्रवेशित छात्राओं का पुन: स्वागत किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू चौधरी, समन्वयक एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शारदा द्विवेदी एवं असिस्टेंट प्रो. समाजशास्त्र विभाग श्रीमती अनु रानी द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष श्रीमती आराधना द्वारा श्लोक का वाचन किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय चीफ प्रॉक्टर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शारदा द्विवेदी ने अनुशासन के अर्थ एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को महाविद्यालय के अनुशासन संबंधित नियमों से परिचित कराया। आपने बताया कि जीवन में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अनुशासन ही जीवन को सार्थकता प्रदान करता है एवं अनुशासन ही हमारे बेहतर चरित्र का निर्माण करता है, तत्पश्चात आपने महाविद्यालय के नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्राएं महाविद्यालय समय से आए एवं अपना कीमती समय खराब ना करते हुए पुस्तकालय का सदुपयोग करें। कक्षा कक्ष एवं महाविद्यालय परिसर में कूड़ा न फेंके, महाविद्यालय का वातावरण स्वच्छ बनाए रखना उनका पहला कर्तव्य है। इसके साथ ही आपके द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग अनावश्यक रूप से न करने के लिए सूचना दी। डॉ. ऋचा शर्मा द्वारा सभी छात्राओं को पंचम दिवस की जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात समन्वयक डॉ. नीरू द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अनु रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताएं उपस्थिति रही।

## मिलेनियम में बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता हाउस के छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान भगत हाउस ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर महात्मा गांधी हाउस तथा तृतीय स्थान पर सुभाष हाउस ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में इशिका, अंशिका, कशिश, सदिका शादीका, स्वाति, हैप्पी, आराध्या, जिया, सिदरा आदि ने भाग लिया। प्रतियोगिता शिक्षक गुफरान, अमन वर्मा, विकास कुमार, नौशाद परवीन के नेतृत्व में हुई।

# सिक्ख धर्म के प्रचार पर जोर

## ईसाई मिशनरियों से किया सावधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ईसाई मिशनरियों से सावधान करते हुए सिक्ख धर्म के प्रचार पर जोर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में सभी सिक्ख धार्मिक संस्थाओं से श्री अकाल तख्त साहिब की मर्यादा के अनुसार गुरुघर का प्रबंध संचालन करने, गुरु तेगबहादुर की शहीदी शताब्दी कार्यक्रम आयोजित करने तथा सिख धर्म का प्रचार करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरू नानक देव ने पूरी दुनिया में इंसानियत व भाईचारे का संदेश दिया है। ग्राम रोशनपुर जागीर में आयोजित जिला कमेटी की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिजनौर के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों द्वारा गुरु के सिक्खों को लालच देकर उन्हें धर्म



परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसे समय रहते रोका जाना जरूरी है। सिक्ख धर्म, सभी धर्मों का सम्मान करता है। लेकिन धर्मान्तरण को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके लिए संगत को डोर टू डोर जा कर जागरूक करें। बैठक में गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी शताब्दी कार्यक्रम के तहत सभी गुरुद्वारा कमेटियों सिख धार्मिक संस्थाओं से सनातन धर्म प्रेमियों के बीच गुरु साहिब की ऐतिहासिक शहीदी का प्रचार-प्रसार करने तथा शहीदी शताब्दी जाग्रति यात्रा को भव्य बनाने के लिए कहा गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह प्रिंस ने की। संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया। बैठक में धामपुर गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह एड., गुरुचरण सिंह चावला, प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह कोमल, सुरेंद्र सिंह हुड्डा, इंद्रजीत सिंह, हरवेंद्र सिंह जौहरी, सतवीर सिंह बब्बू, डॉ. नरेंद्रपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, जसबीर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

# जनपदीय क्रीड़ा समिति की बैठक

## जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं व्यायाम शिक्षकों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु जनपदीय क्रीड़ा समिति की बैठक आयोजित हुई।



शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के आदेश के क्रम में वर्ष 2025-26 राजकीय एवं अशासकीय माध्यमिक व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बालक एवं बालिका वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने हेतु आज राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव की अध्यक्षता एवं जिला खेल सचिव प्रभात कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई। जिसमें जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं व्यायाम शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में वर्ष 2025-26 की खेल प्रतियोगिताओं के कैलेंडर पर विधिवत चर्चा हुई एवं जनपद के विभिन्न विद्यालयों को प्रतियोगिता को समय से आयोजित करने हेतु खेल प्रतियोगिता प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। यह तभी संभव होगा, जबकि विद्यालय स्तर पर व्यायाम शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन करें। आगामी जनपद मंडल एवं प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपने विद्यालय के छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कराएं। आरजेपी प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर एडीआईओएस जितेंद्र कुमार, डॉ. निशांत यादव, धर्मवीर सिंह, सुभाष चंद्र, कैलाश चंद्र नरेंद्र सिंह, डीवी सिंह, मौहम्मद यूनुस, जितेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत, डॉ. निर्मला शर्मा, संगीता गुप्ता, सुनीति त्यागी, मीरा रानी, मंजु चौधरी, एमपी सिंह, हरवीर सिंह, टीकम सिंह, रविंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र, डॉ. मनोज कुमार गोस्वामी, अनुपम माहेश्वरी, सुधांशु वत्स, चंद्रहास सिंह, जैनेन्द्र तोमर, अवंतिका वर्मा, मिथलेश, कमल उपाध्याय, चंचल पाण्डेय, सुधीर कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र सिंह, सोलंकी आदि ने संबोधित किया।

## यूपी में पहले सीएम पंडित पंत का आठ वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ा

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है।

उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोलवद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्एक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिनों तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कीर्तिमान रचने वाले योगी आदित्यनाथ को साधू संतों ने बधाई दी है और उनकी दीर्घायु की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठ वर्ष चार महीने 10 दिन तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने इस ऐतिहासिक पल के लिए योगी आदित्यनाथ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने रामराज की स्थापना की है।



**कीर्तिमान रचने पर साधु संतों ने योगी को दी बधाई, उनकी दीर्घायु की कामना की**

### जनता दर्शन के साथ योगी ने की सावन के तीसरे सोमवार की शुरुआत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राजनाथ का...**

करना था, जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिद. शक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ, तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि आज अगर विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है, तो विपक्ष को मैं मदद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जनता ने जब हमें विपक्ष की भूमिका दी थी, तो हमने उसे निभाया था। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन के साथ युद्ध हुआ था, जब दुखद परिणाम आया, तो हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी देश की धरती पर दूसरे का कब्जा कैसे हुआ। हमने यह प्रश्न पूछा कि हमारे सैनिक कैसे बड़ी संख्या में मारे गए।

मशीनों और तोपों की चिंता न करके हमने देश की सीमा और सैनिकों की चिंता की। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही ध्वस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की और निर्णायक कार्रवाई की पूरी छूट दी। इसके बाद हमारी सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया। सेना ने हमारे देश की माताओं और बहनों के सिंदूर का बदला लिया है। यह सिंदूर अब सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य की गाथा बन चुका है। मैं बेहद सावधानी से कह रहा हूं, इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके हैंडलर मारे गए हैं। वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी संख्या गलत न बताई जाए। श्री सिंह ने कहा कि हमने केवल जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान ने हालांकि हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया, लेकिन भारत ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई पूरी तरह संतुलित और आत्मरक्षा के तहत की गई। पाकिस्तान की ओर से सात मई से लेकर 10 मई की रात तक मिसाइल और लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसडीएम से मांगी 15 लाख की फिरौती

## एनआईए अधिकारी की हत्या का हवाला देकर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक मशीनरी उस वक्त दहल उठी, जब धामपुर की एसडीएम रीतू रानी को अज्ञात नंबर से गैंगस्टर स्टाइल में धमकी मिली। धमकी में 15 लाख रुपये की तत्काल फिरौती की मांग की गई और नहीं देने पर तंजील अहमद हत्याकांड जैसा अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई।

कोतवाली धामपुर में दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक 24 जुलाई को दोपहर 2:50 बजे एसडीएम के सरकारी सीयूजी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से लगातार धमकी भरे मैसेज और फोटो भेजे गए। भेजे गए संदेशों में धमकी, अंजाम भुगतने



की धमकियां और बारकोड्स के जरिए लाखों रुपये ट्रांसफर करने के निर्देश शामिल थे। खास बात यह रही कि धमकी देने वाले ने 2016 में धामपुर के ही पास एनआईए के डिप्टी एसपी तंजील अहमद की हत्या का जिक्र करते हुए लिखा कि अगर रुपये नहीं भेजे, तो वही अंजाम दोहराया जाएगा। इस धमकी ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को झकझोर कर रख दिया है।

एसडीएम रीतू रानी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को लिखित शिकायत देकर स्क्रीनशॉट्स साक्ष्य के रूप में सौंपे हैं। उन्होंने विधिक कार्यवाही की मांग की है।

### कौन थे तंजील अहमद?

**धामपुर।** तंजील अहमद, एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के डिप्टी एसपी थे। 19 नवंबर 2016 की रात को वे अपनी पत्नी के साथ एक विवाह समारोह से लौटते समय सहसपुर क्षेत्र में हमलावरों के निशाने पर आ गए। बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिसमें तंजील अहमद की मौके पर मौत हो गई, और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड में मुनीर नामक शूटर का नाम प्रमुखता से आया था। अब उसी हत्याकांड का हवाला देते हुए एसडीएम को धमकी देना पुलिस के लिए बेहद गंभीर चुनौती बन गया है। वहीं एसडीएम रीतू रानी ने कहा मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दे दी गई है। अब इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई पुलिस स्तर पर लंबित है।

### पुलिस व साइबर सेल सतर्क

घटना के बाद जिले के आला अधिकारी हरकत में आ गए हैं। पुलिस की टीम ने मोबाइल नंबर की लोकेशन और संदेशों की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही साइबर सेल को भी इस केस में लगाया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी शुरू हो गई है।

# गुलदार पकड़ने में वन विभाग नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मंडोरी में 8 वर्षीय कनिका को गुलदार द्वारा मार देने के 6 दिन का समय भी बीत जाने के बाद भी वन विभाग की टीम गुलदार का पता लगाने में नाकाम रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी हैं।

गौरतलब है कि ग्राम मंडोरी निवासी रवि की 8 वर्षीय पुत्री कनिका को घर के सामने से गुलदार उठा कर ले गया था। 12 घंटे बाद करीब आधा किलोमीटर दूर बालिका का अधखाया हुआ शव ईख के खेत से बरामद किया गया था। इस मामले में डीएफओ बिजनौर, उपजिलाधिकारी धामपुर, क्षेत्राधिकारी धामपुर ने घटनास्थल का दौरा करके पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने व गुलदार को पकड़वाए जाने का आश्वासन दिया था। 6 दिन का समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग की टीम गुलदार का पता लगाने में नाकाम रही जबकि गांव के जंगलों में ट्रैप कैमरा व तीन पिंजरे, ड्रोन कैमरा से सर्च अभियान चलाने के बाद भी गुलदार का कोई अता पता नही चला है। गुलदार लगातार गांव में अपनी दस्तक दे रहा है। दस्तक देने को लेकर किसी बड़ी घटना को आशंका को देखते हुए ग्रामीण में रोष व्याप्त है। वन रेंजर गो. विंद राम गंगवार ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार गुलदार की तलाश हेतु कांबिंग की जा रही है। तीन पिंजरे के बाद अब गांव की सीमा पर एक पिंजरा और लगा दिया गया है। यह पिंजरा गांव के वाल्मीकि बस्ती के पास लगाया गया है तथा उसे पिंजरे में जानवर को रखा गया है ताकि उसकी खुशबू से शिकार के लिए गुलदार आए तथा शिकार के लालच में पिंजरे में कैद हो जाए।



# रेलवे ट्रैक पर रील बना रही महिला सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तीन वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो के विषय में बताया जा रहा है कि यह वीडियो नजीबाबाद रेलवे स्टेशन रेलवे ट्रैक की है।

वीडियो में रील बनाते हुए एक महिला रेलवे ट्रैक पर खड़ी है और रील बना रही है। एक वीडियो में ट्रेन के आगे खड़ी होकर महिला के द्वारा रील बनाई जा रही है।

इस विषय में नजीबाबाद आरपीएफ इंचार्ज डीएस चौहान ने बताया कि वायरल रील के संबंध में जांच की जा रही है। ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी ताकि आगे भविष्य में ऐसी घटना ना घटे। बताया जाता है कि महिला ने ट्रेन से कुछ ही दूरी पर रील बनाई है।

# वन विभाग के पिंजरे में फंसा गुलदार

### ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर स्थित शुगर मिल फार्म में बीते कई दिनों से दिखाई दे रहे गुलदार को आखिरकार वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को लगाए गए पिंजरे में गुलदार रविवार रात को कैद हो गया। सोमवार सुबह जैसे ही यह खबर गांव में फैली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और राहत की सांस ली।

ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ समय से गुलदार खेतों के आसपास घूमता नजर आ रहा था, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। खेतों में काम करने से डर के चलते



कई किसान अपने कार्य से पीछे हटने लगे थे। ग्रामीणों की लगातार मांग पर वन विभाग ने शनिवार को सक्रियता दिखाते हुए जंगल क्षेत्र में पिंजरा लगवाया, जिसमें गुलदार कैद हो गया।

गुलदार के पकड़े जाने के बाद उसे वन विभाग की टीम धामपुर रेंज कार्यालय ले गई, जहां वह अब भी पिंजरे में बंद है। धामपुर रेंजर गोविंद राम गंगवार ने जानकारी दी कि गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण पशुपालन विभाग के डॉक्टरों द्वारा कराया जाएगा, जिसके बाद उसे उच्च अधिकारियों के आदेश पर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### अब तक धामपुर रेंज से पकड़े जा चुके हैं 20 गुलदार

रेंजर गंगवार ने बताया कि अब तक धामपुर रेंज के अंतर्गत 20 गुलदारों को सकुशल पकड़ा जा चुका है, जिन्हें अलग-अलग सुरक्षित क्षेत्रों में छोड़ दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले खेत या जंगल में जाने से बचें। यदि आवश्यक हो, तो समूह में जाएं, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही, वन्यजीवों की कोई भी गतिविधि नजर आने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने की सलाह दी गई है, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## एक नजर

### कुपोषित बच्चों की समीक्षा



**झालू।** नगर पंचायत कार्यालय में कुपोषण की समस्या को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल द्वारा की गई। जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं नगर पंचायत का स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में कुपोषण की स्थिति की समीक्षा करना तथा कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत और बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम बनाकर पुन: क्षेत्र में सर्वे किया जाएगा। सभी कुपोषित बच्चों का पुन: वजन और लंबाई मापने की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि पोषण स्तर का सही आंकलन कर आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। अधिशासी अधिकारी ने निर्देशित किया कि यह सर्वे कार्य समयबद्ध और गंभीरता से संपन्न कराया जाए। बैठक में सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से बच्चों को सुरक्षित किया जा सके।

### धामपुर में मां-बेटा गिरफ्तार

**बिजनौर।** धामपुर थाने में 27 जुलाई को ग्राम मुख्तारपुर उर्फ हकीमपुर दिसौंदी, थाना नजीबाबाद में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री की शादी छह फरवरी, 2024 को ग्राम गजरौला निवासी मुकुल पुत्र अशोक के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका पति मुकुल एवं सास सुशीला पत्नी अशोक दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 26 जुलाई को दहेज की खातिर पति मुकुल व सास सुशीला ने उसकी हत्या कर दी और चोरी छिपे अंतिम संस्कार भी कर दिया। धामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 286/25 धारा 85,80 (2), 3 (5), 238 व 352 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मुकुल व सुशीला को गिरफ्तार कर लिया है।

### इफ्तेखार ने की मौलाना की निंदा

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि डिम्पल यादव एवं इकरा हसन दोनों ही सांसद के समाज और राजनीति में एक गंभीर मुद्दा है। दोनों ही मामलों में आपत्तिजनक टिप्पणियां निंदनीय हैं। कोई धर्म या कोई समाज नारी का अपमान बर्दाश्त नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हम भी इसकी निंदा करते है। ऐसी मानसिकता रखने वाला मौलाना हो या चाहे कोई करणी सेना का सदस्य हो, सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। समाज और राजनीति में आपत्तिजनक टिप्पणियों का प्रभाव बहुत गहरा हो सकता है और यह दर्शाता है कि अभी भी हमारे समाज में कई चुनौतियां मौजूद हैं। सांसद डिम्पल यादव व इकरा हसन जैसे नेताओं के संदर्भ में इस तरह की टिप्पणियां न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज में नकारात्मकता और विभाजन को भी बढ़ावा देती हैं। इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करते समय हमें सभ्यता और सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, ताकि हम एक स्वस्थ और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा दे सकें।



### दबंगों ने किया अत्याचार

**मंडावर।** गांवों में फेरी लगाकर रेडीमेड कपड़े बेचने वाले गरीब मजदूरों पर ग्राम मुजफ्फरपुर केशो थाना कोतवाली शहर बिजनौर के लोगों ने अत्याचार किया। पीड़ित ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी। थाने से रसीद न मिलने पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। मुस्तकीम निवासी मौहल्ला अफगानान ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपने पुत्र अजीम के साथ फेरी लगाकर रेडीमेड कपड़े बेचकर अपनी गुजर बसर करता है। 26 जुलाई की शाम चार बजे का वाक्या है कि ग्राम मुजफ्फरपुर केशो निवासी रविंद्र कुमार ने अपने चार साथियों के साथ उन्हें घेर लिया। गालियां देते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गए। नाम व पता बताने पर आरोपी और भी हमलावर हो गए। ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उनसे कहने लगे कि इन्हें मारो, बंद कर लो, जिंदा वापस न जा पाए। यह जासूस हैं। पीड़ित व उसके पुत्र ने काफी हाथ पैर जोड़े। घंटे भर से ज्यादा तंग व परेशान करते रहे। मानसिक उत्पीड़न करते हुए आतंकित किया। कुछ ग्राम के बुजुर्गों के समझने और प्रार्थी के हाथ पैर जोड़ने पर बड़ी मुश्किल से यह धमकी देकर छोड़ा कि अगर दिखाई दिए, तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे, जान से मार देंगे। पीड़ित ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से अपनी जान को खतरा बताते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



# साबिया व वजीहा बनी थानाध्यक्ष

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए नगीना में एमएम इंटर कॉलेज की छात्रा साबिया अंसारी व वजीहा परवीन को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दोस्त पुलिस अभियान एवं मिशन शक्ति फैज फाईव के अंतर्गत आज नगीना थाना परिसर में एमएम इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, अधिकार एवं सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। साथ ही पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सहयोग की भावना को जागरूक करने पर जोर दिया गया। सीओ के द्वारा छात्राओं को आपातकालीन टोल फ्री



नम्बर की जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि संकट की घड़ी में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है। छात्राओं का आह्वान किया गया कि वह किसी भी प्रकार के भय, शंका व उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच किए पुलिस को सूचना दे। पुलिसिंग को केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न रखते हुए संवेदनशील सेवा के रूप में समझे। पुलिस आमजन की सहायता, मार्ग दर्शन एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रही है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कक्षा सात की छात्रा सादिया अंसारी एवं कक्षा आठ की छात्रा वजीहा परवीन पुत्री शमशाद अहमद को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। ताकि उनके अंदर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित हो। कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक सपना तोमर, रेशमा, रीता, साक्षी व नेहा आदि ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# नगीना में हो रहे रिकॉर्ड विकास कार्य : शद्दन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के वरिष्ठ समाजसेवी शेख शद्दन ने कहा कि नगर में रिकार्ड विकास कार्य हो रहे हैं और विरोधियों को यह हजम नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन ताहिरा खलील सबसे ईमानदार व लोकप्रिय जनप्रतिनिधि है। उन्होंने कहा कि नगीना की राजनीति में मरहूम चेयरमैन शेख खलीलुर्रहमान के परिवार का लोहा माना जाता है। यह परिवार अपनी शख्सियत की वजह से आम जनता के दिलों पर राज करता है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों ने कई बार इस परिवार को कमजोर समझने की भूल की, लेकिन हर बार इन्हें शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। क्योंकि इस परिवार के द्वारा नगर में इतने ज्यादा विकास कार्य कराए जा रहे है कि कोई भी उसका मुकाबला नहीं कर सकता है।

उन्होंने कहा कि विरोधियों के पास बेवजह की आलोचना करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक राजनीति करने वालों को जनता पसंद नहीं करती है। जनता को पूरी



### विरोधियों के पास नहीं कोई मुद्दा

सच्चाई पता है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष व चेयरपर्सन पुत्र शेख शाहनवाज खलील अपने वालिद के मिशन को आगे बढ़ा रहे है। वह जनता की समस्याएं सुनते है और उनका समाधान कराने का पूरा प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि शेख शाहनवाज खलील नगर की समस्याओं से बखूबी वाकिफ है। उन्होंने कहा कि बेवजह का आरोप लगाने वालों को जनता माफ नहीं करेगी।

# विद्यालय में घुसी जहरीली गो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय ग्राम कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी में उसे समय हड़मंप मच गया, जब विद्यालय परिसर में जब एक जहरीली पटड़ा गो घुस गई।

पटडा गो के विद्यालय प्रांगण में घुस जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में ग्रामवासी स्कूल में पहुंचे और इस को मौके से भगाने का प्रयास किया, परन्तु गो हमलावर हो गई। जिस पर बहादुरी दिखाते हुए युनुस के साथ कई ग्रामीणों ने पटडा गो को मारकर विद्यालय के बच्चों को भयमुक्त किया। यदि समय रहते इसको विद्यालय से न हटाया जाता, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे। आज जब विद्यालय खुला, तो विद्यार्थी आने शुरू हो गए। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक भी पहुंच चुके थे। अचानक इस पर जैसे ही नजर पड़ी, तो विद्यार्थियों ने शोर मचाया। विद्यालय का स्टाफ और ग्रामीण स्कूल की तरफ दौड़ पड़े। प्राथमिक विद्यालय कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी के स्कूल कैम्पस में मौजूद आंगनबाड़ी कक्ष के गेट के कमरे में घुसने का खतरनाक पटडा गो घुसने का प्रयास कर रही थी।

### विद्यार्थियों में फैली दहशत

मालूम हो कि अधिकतर प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण इलाकों में जंगल के निकट बने होते हैं। सरकार की तरफ से स्कूलों के चारों तरफ कोई साफ-सफाई नहीं होती और न ही कोई सफाईकर्मी तैनात होता है। ग्राम पंचायत में तैनात सफाईकर्मी स्कूल में झाड़ू तक लगाने में लापरवाही दिखाते है।

बताया जाता है कि इस विद्यालय में 104 बच्चे नामांकित है। इसी कैंपस में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिनमें लगभग 55 बच्चें नामांकित हैं। इतनी संख्या में बच्चे होने के बाद इन बच्चों के भविष्य को लेकर विभाग या जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। सिर्फ प्राथमिक विद्यालय खाईखेड़ी ही नहीं अधिकतर सरकारी विद्यालयों में साफ सफाई का यही आलम है। जिससे कुल मिलाकर विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों में बच्चों को विद्यालय भेजने में दहशत और खौफ बना रहता है। जिससे अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से डरते है।

### रोबिन व रिंकू राणा गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में कृष्णपाल उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र अतर सिंह ग्राम सीमला खुर्द, थाना मंडावर ने तहरीर दी थी। रोबिन पुत्र कमल ग्राम सीमला कलां, मण्डावर एवं रिंकू राणा पुत्र कुड़वा ग्राम कुम्हेड़ा, थाना किरतपुर ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर फर्जी बैनामा व कुटरचित दस्तावेज तैयार कर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने रोबिन व रिंकू को गिरफ्तार कर लिया है।

# तेरह को भाकियू की तिरंगा यात्रा

### प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत ने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत की आपातकालीन बैठक गन्ना समिति के प्रांगण में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान की अध्यक्षता तथा मुख्य महासचिव विजय पहलवान के संचालन में हुई। बैठक में चौदह जुलाई की मासिक बैठक में किसानों की समस्यायों का समाधान कराने के लिए एसडीएम को दिए गए मांग पत्र की स्थिति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि लापरवाह प्रशासन का रवैया किसानों के लिए ठीक नहीं है। चौदह जुलाई को दिए गए मांगपत्र में से एक भी बिन्दू पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आज भी तहसीलों और आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस व फिटनेस के नाम पर खुली लूट हो रही है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे कुछ अधिकारी जानबूझकर किसानों की समस्यायों का समाधान नहीं करा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के संयम और धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं।



वह किसी न किसी तरीके से उनका हौंसला पस्त करना चाहते हैं।

जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकली जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि चौदह जुलाई को दिए गए मांगपत्र की अनदेखी कर के प्रशासन हमें आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रहा है, तो हम आंदोलन भी करेंगे। आगामी 13 अगस्त को जनपद के किसान हजारों की संख्या में अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा झंडा लगा कर रैली निकालेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि उस दिन तक भी किसानों की समस्यायों का समाधान नहीं हुआ, तो 13 अगस्त से ही कलेक्ट्रेट में पंहुच कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जायेगा। आंदोलन की आगे की रणनीति कलेक्ट्रेट में धरना स्थल पर ही तय की जायेगी।

बैठक में युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, उपमा चौहान, विजय पहलवान, अमित बालियान, राम अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार, बाबूराम तोमर, नरदेव, गजेंद सिंह, विजय चौधरी, देव दत्त शर्मा, मुनेंद्र काकरान, बलजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, विनीत मौर्य, जितेंद्र सिंह, संदीप त्यागी, विनीत चौधरी, मुकेश जंघाला, पंकज शेरावत, आशु चौधरी, मुनेश अहलावत, कोमन सिंह, शुभम चौधरी, अवनीश कुमार, ऋषिपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, हरिराज सिंह, कल्याण सिंह, अमरपाल सिंह, हर्षवर्धन, अशोक कुमार, कविराज, प्रमोद कुमार, हनीफ अहमद, राजीव चौहान, रिंकू राठी, रजनीश, सूर्य बालियान, तिलकराम, विकार अहमद अहलावत, मोनू प्रधान, सतपाल सिंह, मौहम्मद याकूब, आकाश चौधरी, सौरभ काकरान, सरताज, सौरभ कुमार, अमरदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण पर मचा घमासान

## नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी के दावे को रामलीला कमेटी ने किया खारिज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण को लेकर सोशल मीडिया पर नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी के दावे को रामलीला कमेटी ने गलत ठहराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी वह अपने सहयोगियों के साथ सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया जिसमें उन्होंने रामलीला मैदान को हरा-भरा और सुंदर बनाने की दिशा में किए गए कार्यों को अपनी मेहनत बताया वीडियो में चेयरमैन फैसल वारसी ने अपने बचपन की यादों को साझा करते हुए बताया कि रामलीला मैदान की दशा वर्षों से खराब थी। लेकिन पहली बार इसे पूरी तरह हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाया गया है। उन्होंने अपने कुछ साथियों से चर्चा करते रहे। लेकिन चेयरमैन द्वारा साझा की गई इस वीडियो के वायरल होते ही रामलीला कमेटी ने इसका तत्काल खंडन करते हुए अपना पक्ष मीडिया और नगरवासियों के सामने रखा।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजवीर त्यागी ने स्पष्ट कहा कि मैदान के सौंदर्यीकरण में नगर पालिका चेयरमैन का कोई योगदान नहीं है। बल्कि यह संपूर्ण कार्य रामलीला कमेटी के प्रयासों जिलाधिकारी के सहयोग और अवध शुगर मिल के संसाधनों से संभव हुआ है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजवीर त्यागी ने जानकारी दी कि रामलीला कमेटी के सदस्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ गए थे। हालांकि मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में उनकी टीम ने मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव से भेंट कर उन्हें एक प्रार्थना पत्र सौंपा था। उसके आधार पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा बिजनौर के जिलाधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने अवध शुगर मिल को रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण का कार्य करने के आदेश दिए। जिसके तहत मैदान को साफ-सुथरा किया गया और हरियाली से सजाया गया। रामलीला कमेटी ने फैसल वारसी के वीडियो को भ्रामक बताते हुए कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति या संस्था झूठे दावों के साथ सोशल मीडिया पर प्रचार न करे। इस पूरे मामले के बाद नगर में तीखी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई लोगों का मानना है कि विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ में सच्चाई को दबाया जा रहा है। फिलहाल इस विवाद ने नगर की राजनीति और प्रशासनिक समन्वय पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पालिका चेयरमैन और रामलीला कमेटी के बीच यह टकराव क्या मोड़ लेता है और जनता को सही जानकारी कब और कैसे मिलती है।

### रामलीला मैदान पर टिप्पणी को लेकर चेयरमैन फैसल वारसी ने दी सफाई

**स्योहारा।** रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण को लेकर उठे विवाद के बीच नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने एक ओर वायरल वीडियो के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कभी यह दावा नहीं किया गया कि नगर पालिका ने इस मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य कराया है। चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर इस मामले में गलत अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य में शुगर मिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2023 में डीएम के माध्यम से भी रामलीला मैदान को सुधारने का प्रयास किया था।

## एक नजर

### अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान



**स्योहारा।** क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया और आम जनजीवन में फैल रही अफवाहें जैसे डॉन और अन्य अज्ञात व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की चर्चाएं लोगों के बीच डर और भ्रम का कारण बन रही थीं। इन हालातों को गंभीरता से लेते हुए स्योहारा थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सजगता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए त्वरित कदम उठाए। इसी क्रम में रविवार की शाम थाना प्रभारी अमित कुमार और उनकी टीम द्वारा ग्राम टांडा में एक बड़ी जनसभा आयोजित की गई जहां ग्रामीणों को अफवाहों से सतर्क रहने और पुलिस पर विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस मौके पर पुलिस की सूझबूझ और जनसंपर्क नीति की खुलकर सराहना हुई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने ग्राम प्रधानों और स्थानीय लोगों से सीधे संवाद करते हुए अपील की। आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें। अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है और लगातार क्षेत्र में गश्त जारी रखे हुए है। हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि कोई नकारात्मक या डर का माहौल न बने। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस टीम हर गांव में जाकर लोगों को न केवल सच्चाई से अवगत कराएगी बल्कि उन्हें सुरक्षा का भरोसा भी दिलाएगी। जनसभा में मौजूद लोगों ने इस पहल का खुलकर समर्थन किया और पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### महिला कर्मचारी को जान से मारने की धमकी

**स्योहारा।** पीड़िता निवासी ग्राम रुखालू जनपद अमरोहा हाल निवासी मोहल्ला इस्लामनगर स्योहारा एनआरएलएम परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक स्योहारा में कार्यरत हैं। 21 जून 2025 को ग्राम पालनपुर कैलाश पंचायत घर में आयोजित चार दिवसीय विभागीय प्रशिक्षण के दौरान उनके सहकर्मी अभिषेक गुप्ता और रियान अली ने कथित रूप से उन पर कुछ कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया। पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने बिना पढ़े हस्ताक्षर करने से मना किया तो उक्त दोनों ने उनके साथ अश्लील भाषा में बात की। हाथ पकड़ने का प्रयास किया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। पीड़िता के अनुसार पूर्व में भी ऐसे कई आपत्तिजनक व्यवहार उनके साथ हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि घटना की शिकायत उन्होंने 23 जून को थाना स्योहारा में की थी, जिसके बाद से दोनों आरोपी प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रकरण को गंभीर मानते हुए थाना स्योहारा में संबंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज कर लिया गया है।

### कांवडियों से भरा डीसीएम पलटा

**नगीना।** उत्तराखंड के गदरपुर से लगभग 35-40 कांवड़िए डीसीएम वाहन द्वारा हरिद्वार जा रहे थे। वाहन के पीछे भी कई कांवड़िए अपनी बाइकों पर साथ-साथ चल रहे थे। नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कालाखेड़ी के सामने काशीपुर-हरिद्वार हाईवे पर डीसीएम का पिछला टायर अचानक फट गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया और पीछे आ रही मोटरसाइकिलें भी डीसीएम से टकरा गईं। हादसे में जीतन, दीपक, सचिन, टिंकू (सभी ग्राम कुलवंत नगर, थाना गदरपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड के निवासी) और डीसीएम चालक समीर (रामपुर, उत्तर प्रदेश) घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया। घायलों में से दो शिवभक्तों की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल से मेरठ रैफर कर दिया गया है।

### सीसी रोड का उद्घाटन



**झालू।** आदर्श नगर पंचायत झालू के वार्ड नंबर सात में वंदन योजना के अंतर्गत रामलीला मैदान के पीछे बनी सीसी रोड का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के बाद अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि यह झालू की जनता की एक मूल समस्या थी, जो काफी वर्षों से बनी हुई थी। पिछले चेयरमैन के कार्यकाल में मैंने स्वयं भी जनता की परेशानी को हल करने के लिए धरना प्रदर्शन किया था। लेकिन फिर भी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ था और मैंने प्राथमिकता के तौर पर इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वंदन योजना के अंतर्गत लगभग दस लख रुपए के लागत से इस सीसी रोड का निर्माण कराया। जिससे स्कूल जाने वाली छात्र और छात्राओं, रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों, हॉस्पिटल जाने वाले मरीजों, पुलिस चौकी जाने वाले पीड़ितों और सभी बस्तीवासियों की इस मुख्य समस्या का मेरे प्रयास से आज समाधान हुआ। अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कहा कि मैं हर समय हर पीड़ित के साथ हमेशा खड़ा रहा हूं खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। चाहे वह किसी भी वर्ग से क्यों ना हो। स्थानीय जनता ने इस विकास कार्य की पूरी-पूरी प्रशंसा करते हुए नगर अध्यक्ष एवं विकास मंत्री और नगर पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि इस सीसी रोड के निर्माण से आवागमन की सुविधा में सुधार हुआ है और क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इस शुभअवसर पर महेंद्र सिंह धीमान, महेंद्र पाल राणा, राजू मेडिकल वाले, सुरेंद्र, शिव कुमार, रामपाल सिंह, अमरपाल सिंह, अरुण कुमार, गजेंद्र सिंह, अनुज अग्रवाल (लिपिक) एवं अनिल कुमार (लिपिक) सहित कस्बे व क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मीडिया क्लब रजिस्टर्ड का गठन

## मोहम्मद मेहरबान अध्यक्ष व कपिल रस्तौगी बने महासचिव



संरक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में सर्वाधिक पत्रकारों की भागीदारी वाला मीडिया क्लब रजिस्टर्ड का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न समाजों के पत्रकार एकजुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के संकल्प के साथ शामिल हुए। मीडिया क्लब के अध्यक्ष मौहम्मद मेहरबान, महासचिव कपिल रस्तौगी व संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद याकूब व अर्जुन सिंह का माल्यार्पण का स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद याकूब ने की और संचालन करते हुए दिलशाद अल्वी ने मोहम्मद मेहरबान को अध्यक्ष व कपिल रस्तौगी को महासचिव बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया और मौहम्मद मेहरबान को अध्यक्ष व कपिल रस्तौगी को महासचिव चुन लिया गया। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद याकूब और अर्जुन सिंह को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया।

मीडिया क्लब रजिस्टर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहम्मद मेहरबान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मीडिया क्लब रजिस्टर्ड को निष्पक्ष पत्रकारिता, सामाजिक सरोकार और आपसी समन्वय का मजबूत मंच बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के माध्यम से युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में पत्रकारिता का स्तर और ऊंचा हो सके। बैठक में कई पत्रकारों ने संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव दिए और सहयोग का आश्वा. सन दिया।

मीटिंग के अंत में मीडिया क्लब रजिस्टर्ड के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद मेहरबान, महासचिव कपिल रस्तौगी, संरक्षक मौहम्मद याकूब व अर्जुन सिंह का माल्यार्पण का स्वागत किया।

इस मौके पर रोहिल खान, मुशैब सिद्दीकी, शमीम अंसारी, परवेज, दिव्यम अरोड़ा, डॉक्टर विकास, साबिर मलिक, उबैद मलिक, शरीफ मलिक, आकिल, सलीम राशिद, अब्दुल करीम, आकाश वर्मा, निशांत गिरी, प्रशांत चौधरी, हरेंद्र कुमार, डॉक्टर नरदेव सिंह आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# शमशाद अंसारी की मेहनत से जुनैद का शव बिजनौर पहुंचा

## परिजनों ने नम आंखों से किया सुपुर्द ए खाक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लम्बी कागजी कार्यवाही और विदेश मंत्रालय के दखल के बाद आखिरकार एक परिवार को अपने बेटे को आखरी बार देखने और उसके शव को अपने पैतृक कब्रिस्तान में दफनाने का मौका मिला। मौत के करीब दो सप्ताह बाद मृतक का शव अरब से उसके घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया और क्षेत्र में भी मातम पसर गया। सैकड़ों लोग नमाज ए जनाजा में शामिल भी हुए।

स्थानीय मौहल्ला जाटान निवासी मौ. जुनैद पुत्र अशरफ सऊदी अरब में रहकर सेलून का काम करता था, जो पिछले तीन सालों से वहीं रह रहा था। गत 14 जुलाई को अचानक हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गयी। जुनैद की मौत के बाद परिजन उसके शव को घर मंगवाना चाहते थे। ताकि उसे आखरी बार देखकर अपने कब्रिस्तान में दफना सके। जिसके लिए जुनैद के बड़े भाई अमजद ने पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी को इस बारे में बताया। सभी से अपने अच्छे व्यक्तिगत संबंधों के लिए पहचान रखने वाले शमशाद अंसारी ने सांसद चंदन सिंह चौहान से जुनैद के शव को भारत लाने की मांग की। जिसके बाद सांसद ने तुरंत अपने लेटर पेड पर विदेश मंत्री को पत्र लिखा। जिसके बाद दोनों देशों ने कागजी कार्यवाई को पूरा कर जुनैद के शव को सऊदी अरब से इंडिया लाने का काम किया। सोमवार को जुनैद का शव बिजनौर पहुंचा।

सेकड़ों लोगों ने नम आंखों से सुपुर्द ए खाक किया। परिजनों और अन्य लोगों ने शमशाद अंसारी और सांसद चंदन सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

# इलाज के अभाव में चार गायों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** विकासखंड कोतवाली देहात की ग्राम पंचायत बेगमपुर चायमल में स्थित गौशाला में शनिवार की रात्रि से रविवार की सुबह तक चार गाय की मौत हो गई।

बेगमपुर चायमल में लगभग तीन वर्ष पूर्व गौशाला की स्थापना की गई थी। केयर टेकर अमर सिंह के अनुसार गौशाला में लगभग 130 पशु है। शनिवार की रात्रि चार गायों की मौत हो गई। जिन्हें केयर टेकर अमर सिंह द्वारा दफना दिया गया। सूचना पर ग्राम प्रधान चरण सिंह गौशाला में पहुंचे। अमर सिंह ने बताया कि गौशाला में नौ गायों की तबीयत बेहद खराब है। वे सभी बैठ गई है तथा उनके उठने में समस्या आ रही है। विकासखंड कोतवाली देहात में कई बार पशु चिकित्सा कार्यालय में जाकर सूचना दी गई है। लेकिन कोई भी चिकित्सक पशुओं को देखने के लिए नहीं आता है। गौशाला में कई गायों की स्थिति में बेहद दयनीय है। ग्राम प्रधान चरण सिंह ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को सूचित किया है। लेकिन इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। चिकित्सकों को प्रतिदिन गायों को देखना चाहिए। जिससे गायों की बीमारियों के बारे में पता चल सके। चौकीदार अमर सिंह ने बताया कि गाय बंधी रहती हैं। इस कारण भी बीमार हो रही है। यदि गाय चलती फिरती रहे तब उनका शरीर चलता रहता है। चार गायों की मौत होने तथा नौ गायों के मरणासन्न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने गौशाला में समुचित देखभाल करने तथा नियमित रूप से पशु चिकित्सक द्वारा गायों की जांच करने की मांग की है। नगीना पशु चिकित्सालय पर नियुक्त पशु चिकित्साधिकारी रजनीश कुमार के पास ही कोतवाली देहात पशु चिकित्सा केंद्र का चार्ज भी है। डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि पिछले हफ्ते गायों का टीकाकरण किया गया था। सात जुलाई को गायों को कैंप लगाकर कीड़ों की दवाई दी गई थी। उन्होंने बताया कि गायों की मौत के संबंध में जानकारी नहीं है। पशु चिकित्सकों की एक टीम तुरंत गौशाला भेजी जा रही है। खंड विकास अधिकारी कोतवाली देहात द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# आधुनिक तकनीक से बढ़ रही गन्ने की फसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जनपद बिजनौर के किसानों ने पारंपरिक गन्ने की खेती से हटकर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना शुरू कर दिया है। जिससे गन्ना उत्पादन में वृद्धि की संभावना है। वर्तमान में चांदपुर गन्ना विकास परिषद क्षेत्र में गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम चल रहा है। जिससे समिति के लगभग 42000 किसान लाभान्वित होंगे।

सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने बताया कि इस समय आधुनिक तकनीकों से सशक्त हो रहे बिजनौर के किसान जिसमें इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को समिति क्षेत्र की कुल पांच चीनी मिलों (चांदपुर, चांगीपुर, धामपुर, स्योहारा, धनौरा) और गन्ना विभाग के संयुक्त प्रयासों से 71 टीमों द्वारा चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से अवगत कराना और उन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। फसल सुरक्षा और रोग नियंत्रण पर विशेष ध्यान चीनी मिलें किसानों को फसल सुरक्षा के लिए कीटनाशक और फंगिसाइड रियायती दरों पर उपलब्ध करा रही हैं। टॉप बोरर जैसे हानिकारक कीटों के नियंत्रण के लिए यांत्रिक विधियों के साथ-साथ फेरोमोन ट्रैप और लाइट ट्रैप भी दिए जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से रेड रॉट रोग के नियंत्रण के लिए किसानों ने -0238 किस्म के गन्ने की बुवाई का रकबा कम कर दिया है। इस रोग से बचाव के लिए थियोफिनेट मिथाइल, थियोफिनोजोल और असॉस्ट्रोबिन जैसे प्रभावी रसायन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि में ड्रोन और मशीनीकरण का बढ़ता प्रयोग आजकल किसानों के खेतों में ड्रोन का बढ़ता प्रयोग कृषि के आधुनिकीकरण का स्पष्ट प्रमाण है। ये ड्रोन फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव और अन्य कृषि कार्यों को अधिक कुशलता से करने में मदद कर रहे हैं। समिति स्तर पर किसानों को मिल रही सुविधाएं समितियों में फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए गए हैं। जहां किसानों को सभी प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्र जैसे एमबी प्लाउ, मल्चर, आरएमडी, रटून मैनेजमेंट डिवाइस, ट्रेंच प्लांटर, चीजलर आदि किराये पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त सभी कीटनाशक रसायन भी समितियों में रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं से किसान अपने कृषि कार्यों को बेहतर तरीके से कर पा रहे हैं।

वर्तमान में 'गन्ना विभाग कृषक के द्वार' पहल चल रही है। सभी किसान भाइयों से अपील की जाती है कि वे अपने खाते, बेसिक कोटा, मोबाइल नंबर और जमीन से संबंधित विवरणों की जांच कर लें। यदि कोई शिकायत हो, तो उसे उचित माध्यम से फील्ड स्टाफ के संज्ञान में लाएं। उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि पद्धतियां किसानों को पंचामृत खेती, ट्रेंच प्लांटिंग, ड्रिप इरिगेशन, रटून मैनेजमेंट डिवाइस, ट्रेश मल्चिंग, ड्रोन का प्रयोग, बायोलॉजिकल कंट्रोल और प्राकृतिक खेती जैसी आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर अपना उत्पादन बढ़ाने की सलाह दी जाती है। पंचामृत खेती एक समग्र दृष्टिकोण पंचामृत खेती एक समग्र दृष्टिकोण है, जो पांच सिद्धांतों पर आधारित है। खेती की योजना उचित बीज का चयन, पोषण प्रबंधन, जल प्रबंधन और कीट-रोग नियंत्रण। यह विधि मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और समग्र रूप से उत्पादन बढ़ाने में मदद करती है। यह किसानों को बेहतर उपज के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने में सहायता करती है। प्राकृतिक खेती प्रकृति के साथ सामंजस्य प्राकृतिक खेती पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धति है। जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग से बचती है। यह मिट्टी के प्राकृतिक माइक्रोबियल जीवन को बढ़ावा देती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। इसमें फसल चक्र, सह-फसल और जैविक खाद का उपयोग शामिल है। यह न केवल स्वस्थ फसल उत्पादन सुनिश्चित करती है, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करती है, जिससे किसानों को लागत कम करने और टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों को देखते हुए वर्तमान फसल से अच्छे उत्पादन का अनुमान लगाया जा सकता है। जो जनपद बिजनौर के गन्ना किसानों के लिए एक समृद्ध भविष्य की ओर इशारा करता है।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की पूजा अर्चना



**नहटौर।** सावन माह के चलते तीसरे सोमवार को श्रद्धालु ने शिवालय पहुंचकर पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मंदिरों के शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा बेलपत्री आदि सामग्री चढ़ाई। सोमवार को चामुंडा धाम पंचायती मंदिर हाथी वाला मंदिर पूर्वी चौंधियान शिव मंदिर पाताल तोड़ शिव मंदिर झारखंडी आदि शिवालयों पर महिला, पुरुषों व लड़कियों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के दौरान उन्होंने अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा बेल पत्री, भांग, धतूरा आदि पूजा की सामग्रियों पर चढ़ाई। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बालिकाओं, पुरुषों में महिलाओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा गरीबों को दान दिया।

### अफवाहों पर ध्यान न दें : सीओ



**नहटौर।** थाना परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी रामडोल जुलूस व ड्रोन जैसी अफवाहों को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दे। अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सायं करीब छह बजे नहटौर थाना परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी रामडोल जुलूस व ड्रोन जैसी अफवाहों पर रोकथाम के लिए आयोजित शांति समिति की बैठक में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने कहा कि ड्रोन जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा चोर आदि समझकर मंदबुद्धि लोगों को पकड़ लिया जाता है और उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। इससे दूर रहे। यदि इस तरह का कोई व्यक्ति मिलता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। इसके अलावा श्री कृष्ण जन्माष्टमी रामडोल जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष धीरज नागर, नगर पालिका के ईओ ओम गिरी, विद्युत विभाग के कसीम अहमद, अग्नि देवता, कुलवीर चौधरी फुलसंदे वाले, प्रशांत वर्मा, बहाव कुरैशी, विशाल हाशमी, हेमंत चौधरी, खलील अहमद प्रधान, नरेश कुमार, महावीर सैनी, यशपाल प्रधान, शराफत अल्वी, विनीत गोयल, सुधीर सिंघल, विनिल त्यागी, सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया



**स्योहारा।** सीएचसी में अधीक्षक डॉ बी.के स्नेही की अध्यक्षता में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। डॉ स्नेही ने बताया कि हर साल 28 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जिगर लीवर से जुड़ी खतरनाक बीमारी हेपेटाइटिस के प्रति लोगों को जागरूक करना हैं यह एक मूक घातक रोग साइलेंट किलर है जो बिना लक्षण शरीर को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन समय रहते जांच और इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि जांच की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में उपलब्ध है और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में उपचार केंद्र ट्रीटमेंट सेंटर भी कार्यरत है। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वीर सिंह, राजेश कुमार, औषधिकार फार्मासिस्ट योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, जितेंद्र रावत, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डीओ राशि अनम आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**हल्दौर।** नगर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा से हुआ। सोमवार को प्रात: बड़े शिव मंदिर धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा हेतु कलश यात्रा के लिए पंडित कृष्ण कुमार पांडे एवं पंडित ब्रजेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान संजय मारवाड़ी एवं पत्नी बबीता मारवाड़ी के द्वारा कलश पूजन विधिक मंत्रों के साथ कराया। कलश यात्रा का उद्घाटन श्री राम कृपाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर श्री रामदास जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलश यात्रा में 151 महिलाएं कलश धारण कर चल रही थीं। सबसे आगे पानी का टैंकर जो कि सड़क पर धुलाई कर रहा था फिर बैंड भगवान के भजन सुना रहा था। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया उसके पीछे भगवान गणेश जी की सुंदर झांकी थी तथा 151 महिलाएं कतारबद्ध चल रही थी। उसके पीछे बग्गी चल रही थी। जिस पर महाराज श्री विराजमान टेस्ट में श्रद्धालुओं के अपार भीड़ चल रही थी। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल नवीन मंडी समिति पहुंची। रास्ते में कलश यात्रा का स्वागत जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया गया एवं महाराज श्री का स्वागत नगर के व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया। कलश यात्रा का समापन कथा स्थल पर जा कर हुआ जहां पर पंडित गिरिराज पांडे के द्वारा व्यासपीठ का पूजन किया गया। व्यासपीठ से महाराज श्री ने संक्षेप में भागवत कथा के बारे में बताया। कलश यात्रा में संजीव शर्मा करन सिंह, रमेश मुंशी, मास्टर जितेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार, पुनीत शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा, आलोक रस्तौगी, महिपाल सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार दुबे, डॉ. श्रीश शर्मा, शिवम वर्मा, रघुवीर शरण शर्मा, संजीव कुमार, जगदीश शर्मा, संजय वशिष्ठ, केके चंद्रा, रेखा यादव, पवन ठाकुर, प्रतिभा शर्मा, शिप्रा रस्तौगी, शादी लाल मारवाड़ी, आकाश शर्मा, अमित वर्मा, प्रमोद चौहान आदि ने भाग लिया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पूर्व में नाम MOHAMMAD RIYASAT KHAN था। अब मैंने बदल कर अपना नाम MOHAMMAD RIYASAT रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD RIYASAT S/O MOHAMMAD AKBER KHAN निवासी मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर तहसील व जिला बिजनौर।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## मां गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव मुकरंदपुर निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा रविवार रात करीब 12 बजे बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर हुआ, जब बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराया।

जानकारी के अनुसार गांव मुक. रंदपुर निवासी भूपेंद्र उर्फ बॉबी (32) पुत्र पवन कुमार अपनी मां चंद्रावती को लेकर बाइक से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के निकट पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत बिजनौर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि चंद्रावती का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ थाना हल्दौर में तहरीर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि जांच चल रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# शुगर मिल क्लब ने मनाया तीज उत्सव

## छवि शर्मा बनीं तीज क्वीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल क्लब की ओर से हरियाली तीज का भव्य आयोजन पुष्प निकेतन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और उत्साह से भरे इस आयोजन में श्रीमती छवि शर्मा को 'तीज क्वीन' चुना गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व मिताली गुप्ता, पत्नी निष्काम गुप्ता ने किया। आयोजन में डीएसएम क्लब अध्यक्ष विकास अग्रवाल और उनकी पत्नी मोना अग्रवाल की भी विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ, तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती मिताली गुप्ता का स्वागत बुके देकर किया गया।

मुजफ्फरनगर से पधारे विशिष्ट अतिथि अमित गुप्ता, आरती गुप्ता, यश और सुनंद गुप्ता का भी क्लब की ओर से सम्मान हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए झूले, सेल्फी पॉइंट सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीज क्वीन प्रतियोगिता में मेहंदी, डांस, कैटवॉक जैसी प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

एंकरिंग श्रीमती मोना अग्रवाल और श्रीमती अनु कश्यप ने की। सोलो डांस में छवि शर्मा, सपना शर्मा, दीपा सिंह, शिखा, नीरज ने हिस्सा लिया। स्किट में शिवा, सौजन्या और मोना ने प्रस्तुति दी। युगल डांस में विवेक व शिवा यादव, लायक राम व कविता की जोड़ी ने रंग जमाया।

# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विष्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर में असमा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मानसी राजपूत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा हिमांशी कटारिया ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, सहायक प्रवक्ता डॉ. शोमा सिंह, डॉ. पायल राठी, रश्मि वत्सल, श्वेता टॉक, शुभांशी वर्मा, संचित कुमार, अदीबा शारिक आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जनता परेशान

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में बढ़ती बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा मंडल धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचा और एसई व अधिशासी अभियंता से मिलकर बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान जल्द कराने की मांग की।



भाजपा नेताओं ने अधिकारियों को बताया कि धामपुर नगर में आए दिन बिजली गुल हो जाती है, वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा भी ठीक से नहीं चलता। इससे बच्चों की पढ़ाई, व्यापार और घरेलू जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइन सुधार कार्य, ट्रांसफॉर्मर की स्थिति और फीडर के लोड वितरण की समीक्षा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। प्रति. निधिमंडल में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र धनोरिया, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत, अनिल शर्मा, आशीष अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एड., रविशंकर सैनी, सुमित महेश्वरी, भूपेन्द्र सैनी, नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता आदि शामिल रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।

# नशे की हालत में छत से गिरा युवक

## गंभीर अवस्था में सीएचसी में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी नीरज कुमार (28 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह शनिवार देर रात एक गंभीर हादसे का शिकार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार युवक रात के भोजन के बाद शौच के लिए बाहर गया था। इस दौरान उसने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। नीरज के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर गए। वहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि युवक की हालत बेहद नाजुक है। सिर में गंभीर अंदरूनी चोट होने की आशंका जताई जा रही है। डॉक्टर ने नीरज को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हाई सेंटर रैफर कर



दिया। जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों का कहना है कि नीरज को काफी समय से नशे की लत है और वे कई बार उसे समझा भी चुके हैं, लेकिन वह लगातार नशा करता आ रहा है। परिजनों का कहना है कि शनिवार को भी नीरज ने भारी मात्रा में नशा कर रखा था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। ग्राम में युवक की हालत को लेकर चर्चा बनी हुई है। वहीं परिजन उसकी सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं। डॉक्टर के मुताबिक युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक फिलहाल सीएचसी में नीरज का उपचार चल रहा था।

# वीकेआईटी का बीएससी तृतीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित



## पल्लवी रानी रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी रानी ने 59.47 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अजीत सिंह ने 56.43 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं मधु कमारी ने 54.53 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता

## सभी प्रतिभागियों को स्कूल बैग देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** साइंस स्पार्क क्लब बिजनौर के तत्वावधान में खंड विकास कार्यालय कासमपुर गढ़ी स्थित डबाकरा हाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साइंस स्पार्क क्लब की ब्लॉक संयोजक एवं कंपोजिट स्कूल नारायणवाला की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र अफजलगढ़ के जूनियर विद्यालयों के बच्चों ने अपने शिक्षकों संग उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर अपने भाषणों में डॉ. कलाम के जीवन, उनके विचारों और योगदान को रेखांकित किया और प्रण लिया कि वे डॉ. कलाम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर उनके जैसा बनने का प्रयास करेंगे। सभी प्रतिभागी बच्चों को स्कूल बैग देकर एवं उनके साथ आए शिक्षकों को सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर शेर सिंह एवं एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने और समाज को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को डॉ. कलाम की लिखी पुस्तकों को पढ़ना चाहिए और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में साइंस स्पार्क क्लब की जिला टीम से जिला संयोजक गुलशन गुप्ता, राम अवतार सिंह, सनी चौहान, अतुल भटनागर, मणि सिंह, विक्रांत आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में कृष्णदेव आर्य एवं रश्मि अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौहम्मद नौशाद, संदीप, सुभाष कुमार, हेमराज आर्य और शैलेंद्र चौहान का विशेष सहयोग रहा।




# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

## निजी डॉक्टर से कराया उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक पर सवार दो महिला व एक पुरुष सहित तीन लोग रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा पीएचसी कासमपुर गढ़ी ले जाया गया। जहां रविवार को चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण एक निजी डाक्टर के यहां भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश पुत्र रामकुमार निवासी शाहलीपुर कोटरा, थाना बढ़ापुर विमला देवी पत्नी राजू ,कुसुम देवी पत्नी सुरेश निवासी कादमपुर तीनों बाइक पर सवार होकर एक शोक सभा में शामिल होने मालधन थाना रामनगर (उत्तराखंड) जा रहे थे कि ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर विपरीत दिशा से आ रही रेत के भरी टैक्टर ट्राली की चपेट आने से तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को पीएचसी कासमपुरगढ़ी ले जाया गया। जहां रविवार को चिकित्सक न होने का कारण एक निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कर दिया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यदि घायल की ओर से तहरीर दी गई तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महिला का शव मिलने से सनसनी

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र स्थित बनैली नदी में एक अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव का चेहरा बुरी तरह से गल कर क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसको पहचानना लगभग असम्भव है। सूचना मिलते ही सीओ अफजलगढ़ तथा थानाध्यक्ष रेहड़ व थाना अध्यक्ष अफजलगढ़ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी में पालतू पशु चरा रहे एक युवक ने नदी में शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों को दी। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार तथा थानाध्यक्ष अफजलगढ़ सुमित कुमार राठी, कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का मुआयना किया। शव अज्ञात महिला का जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी। शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका था। चेहरा पूरी तरह से गल कर सड़ जाने के कारण कीड़े हो जाने से बदबू आ रही थी। महिला की चप्पल और एक कपड़ा शव से दो-तीन मीटर दूरी पर नदी की ढांग पर रखा हुआ था। चेहरा गल सड़ जाने के कारण महिला की पहचान कर पाना फिलहाल असंभव है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के इलाकों में गुमशुदा महिलाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

# स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण

## व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।



जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी से सुरक्षा कार्मिकों ने विद्युत आपूर्ति के बारे में शिकायत करते हुए बताया कि वीवी पेट स्ट्रांग भवन में ग्रामीण फीडर से कनेक्ट होने के कारण विद्युत आपूर्ति बहुत कम की जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वीवी पेट वेयरहाउस का कनेक्शन शहरी फीडर से किया जाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उनकी ओर से पत्र लिखवा कर संबंधित विभाग को प्रेषित कराएं ताकि वीवी पेट वेयरहाउस का विद्युत कनेक्शन शहरी फीडर से किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# भाकियू अराजनैतिक से जुड़ने का सिलसिला जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से लोगों के जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है।

समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू की प्रेरणा से लोगों का भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। नगर पंचायत जलालाबाद निवासी मौहम्मद जीशान, साहिब राईन, नजीबाबाद निवासी डॉक्टर शेख मुजीबुर रहमान, अलीपुर ह्रदय उर्फ कल्हेड़ी निवासी शाकिर अंसारी, मोहल्ला सादात निवासी आकिब हुसैन सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इससे पूर्व भी गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से लोगों को जोड़ने का सिलसिला काफी चर्चा में रहा।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज अपराह्न कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा सभी प्रर्थाना पत्रों को बहुत ही ध्यान से सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला



सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने पूर्व में सम्पन्न जिला सैनिक बन्धु बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण कर उनको प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव वाजपेई, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ( गृह विज्ञान ) में मुस्कान परवीन प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्र मुस्कान परवीन ने 6.78 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम, अरीबा ने 6.52 सीजीपीए प्राप्त कर द्वितीय तथा अलका व इकरा ने संयुक्त रुप से 6.43 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नोडल प्रभारी पर कार्रवाई, ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड व एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

# गेस्ट हाउस निर्माण में गुणवत्ता सही न होने पर डीएम नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई टिकटा रोड स्थित गेस्ट हाउस का जिलाधिकारी तथा एसपी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता सही नहीं होने के चलते नाराजगी जताते हुए नोडल प्रभारी तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी डर. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बहजोई विकासखंड के फतेहपुर शरीफ नगर स्थित गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन फिनिशिंग निर्माण कार्य और हैंडओवर नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को चेतावनी जारी करने तथा नोडल प्रभारी पर कार्यवाही के निर्देश और ठेकेदार को स्पष्टीकरण जारी कर ब्लैक लिस्टेड कराने एवं एफआईआर की कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा किचन को तैयार करने तथा पौधारोपण करने और चाहरदिवारी पर फेंसिंग करने को लेकर भी निर्देशित किया। जबकि अधीक्षण अभियंता विद्युत को गेस्ट हाउस के फीडर को बदलने के निर्देश दिए। इसके साथ गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य को एक माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही गेस्ट हाउस की मासिक समीक्षा को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वृक्षारोपण सिंचाइ पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल** कलैक्ट्रैट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति/जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा बैठक के विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस वर्ष कराये गये वृक्षारोपण की जियो टैगिंग पर विभाग वार चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र जियो टैग कराना सुनिश्चित करें नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं सिंचाई पर भी चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रीन चौपाल पर भी चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल आयोजित की जाए तथा ग्राम वन भी बनाये जाएं।



सम्भल-टिका रोड बहजोई स्थित नव निर्माणाधीन लोनिवि क गेस्ट हाउस का निरीक्षण करते डीएम।

# बिजली की आंख मिचौनी से बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर सहित ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आँख मिचौनी की समस्या से लोग परेशान हैं।

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा है। योगेश कुमार, संजय शर्मा, नीरज विनोद आदि लोगों का कहना है कि लेगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है। ऊपर से बिजली की अघौषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन

**○भीषण गर्मी में लोग हलकान, बिजली आने व जाने की कोई समय सारणी नहीं निर्धारित**

में कई घंटे बिजली गुल होना आम बात हो गयी है। नगर बबराला, गुन्नौर व देहात क्षेत्र में बिजली कटौती व रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की ऑंख मिचौनी के कारण छोटे बच्चों को ज्यादा पिरेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसका कोई समय सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थित क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परशिानी और बढ़ गयी है। जबकि बिजली कर्मचारियों ने बताया कि गर्मी में लोड व फाल्ट के कारण बिजली कट हो जाती है।

# तीजोत्सव में तीज क्वीन का किया श्रृंगार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व हिंदू परिषद की महिलाओं ने शिव मंदिर में तीजोत्सव कार्यक्रम में हरियाली का महत्व बताते हुए हरे रंग के कपड़े पहने। कार्यक्रम की शुरूआत रीता आर्य ने दीप प्रज्जवलित कर की। जबकि रुद्राभिषेक ,तेरह बार विजय मंत्र का जाप किया गया। तत्पश्चात सावन के के गीत और भजन कीर्तन किया पुष्पा देवी कल्पना वार्ष्णेय ने सुंदर-सुंदर मल्हार गायी विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका दीपा बाष्णेय, और पुष्पा देवी ने तीज क्वीन का श्रृंगार किया लक्ष्मी आर्य, सारिका आर्य और लक्ष्मी बाष्णेय ने गेम खिलाए प्रतिमा बाष्णेय ने भोले के भजन पर डांस किया, नीरू माधवी ने राधा कृष्ण के भजन पर डांस किया दीपा पुष्पा और कल्पना ने शिव पार्वती की नाटिका की। कार्यक्रम में ममता नीरू उषा लक्ष्मी धन्नो नीरू स्नेहा भूमिका दीपा कल्पना पुष्पा प्रतिमा आशा, निर्मल आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दिनदहाड़े महिला के कानों के कुंडल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का पता नहीं चल सका है। जबकि लूट की घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र गांव चिमयावली निवासी महिला कलावती पत्नी तोताराम महिला अपने पति के साथ जंगल को अपने धानों से पशुओं के लिए घास लेने गई थी। जैसे ही घर वापस लौट रही थी तो उसका पति तोताराम पत्नी से कुछ आगे निकल आया था। कुछ ही दूरी पर पीछे कलावती आ रही थी। जबकि सामने से गांव की तरफ से आई मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों

**○महिला के कुंडल लूटकर बाइक सवार बदमाशों का नहीं कोई सुराग**

ने कलावती के कानों से सोने के कुंडल लूट कर वहां से फरार हो गए थे। कुंडल खींचने पर महिला भी घायल हो गइ थी। लूट की वारदात का पता लगने पर गांव मे हंगामा सा हो गया था और गांव के सभी लोग मौके पर पहुंचे लेकिन वहां से बदमाश फरार हो चुके थे। बदमाशों पर बिना नंबर प्लेट गाड़ी राइडर बताई जा रही है। गांव के लोगों ने बताया है जो बदमाश थे उन की मोटर साइकिल पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। लूट की वारदात को हुए 24 घंटे का समय बीत गया है लेकिन पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस अभी भी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का पता नहीं लगा सकी है। महिला की ओर से तहरीर पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की थी। उधर मौहल्ला ठेर पर घर में घुसकर की गई चोरी में शामिल बदमाशों का भी पुलिस पता नहीं लगा सकी है।

# रोडवेज बस की टक्कर में एक की मौत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रजपुरा थाना क्षेत्र के सम्भल गवां मार्ग पर रविवार रात्रि ई रिक्शा से वापस लौट रहे लोगों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। ई रिक्शा में नौ लोग सवार थे, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य सभी घायल हो गए। ग्रामीण गांव के ही चामुंडा मंदिर पर हवन करने के लिए सामान लेकर गवां से वापस लौट रहे थे।

कैला देवी थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में चामुंडा मंदिर पर हवन कराने के लिए गांव के ही नौ लोग ई रिक्शा में सवार होकर रविवार को गवां से सामान लेकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह सम्भल गवां मार्ग पर उधरनपुर गांव के नजदीक पहुंचे तो ई रिक्शा की बैटरी डाउन हो गई। जिसके बाद चालक सहित सभी लोग सड़क किनारे ही ई रिक्शा में बैठे थे। उसी समय पीछे से आई रोडवेज बस ने

**○हवन कराने को सामान लेकर खड़ी ई रिक्शा में मारी टक्कर**

टक्कर मार दी। जिसमें कमालपुर गांव निवासी बिजनेस (35) पुत्र सूकनी, बृजवासी पुत्र माधव, जसपाल पुत्र अंतराम, बादशाह पुत्र सुखराम, कृष्णपाल पुत्र रघुवीर, धनीराम पुत्र मोहर सिंह, महेंद्र पुत्र गेंदनलाल, ई रिक्शा चालक मुनेश पुत्र जयवीर, बुलाकी पुत्र दुर्गा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार को ले जाते समय रास्ते में ही बिजनेस पुत्र सूकनी ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर गांव में मातम छा गया। जहां सभी लोग मौके की तरफ दौड़ने लगे। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जहां बृजवासी और जसपाल तथा महेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका सम्भल के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है तो वहीं महेंद्र को मेरठ रैफर किया गया है। सभी लोग सोमवार को चामुंडा मंदिर पर हवन कराने की तैयारी कर रहे थे। हादसे से गांव में मातम छा गया।

# जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में आर्थिक सहायता देने पर विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला स्तरीय सर्तकता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक में चालीस मामलों में 44 लाख की आर्थिक सहायता देने पर विचार विर्मश किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक में समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने बैठक के प्रमुख बिंदुओं के विषय में जानकारी दी। जिसमें 40 प्रकरण पर चर्चा करते हुए 44 लाख की आर्थिक सहायता देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। एस.सी. ,एस.सी.एस.टी के लोगों के उत्थान के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, आर. ई. डी. एक्सईएन राकेश कुमार सहित संबंधित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिल अधिक आने पर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के कैमा गांव में बिजली की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने एसडीओ विद्युत को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के निस्तारण की मांग की है। वहीं गांव निवासी विद्युत उपभोक्ता पर एक बल्ब जलाने पर 58 हजार रुपए का बिल आया है तो वहीं इसी गांव निवासी एक उपभोक्ता के द्वारा दो बल्ब जलाने पर 63 हजार रुपए का बिल आया है।

भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एसडीओ विद्युत को ज्ञापन देते हुए कहा है कि कैमा में विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल अधिक आ रहे हैं। गांव से जुड़े लाइनमैन जितेंद्र सिंह द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है। जिसे हटाने की मांग की गई है। गांव के ही जाहरवीर मंदिर से जुगल किशोर के घर तक विद्युत लाइन का तार जुड़वाने की मांग की गई। अधिाक बिल आने पर सही कराने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में अशोक कुमार यादव, सचिन त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष असमोली, दिनेश यादव, भगवान सिंह, सत्यभान यादव,, पंकज यादव, सत्यवीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# यदुवंशी सेवा समिति करेगी दहेज प्रथा, मृत्यु भोज का बहिष्कार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** संवाद सहयोगी जागरण यदुवंशी सेवा समिति की बैठक का में जन्माष्टमी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मृत्यभोज, दहेज प्रथा, मादक पदार्थों के सेवन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

आयोजन सुमंगल होटल बहजोई में आयोजित बैठक में सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सहमति से जन्माष्टमी के कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। अध्यक्ष लालबहादुर सिंह यादव ने सभी से समिति के सक्रिय सदस्यों को बढ़ाने की अपील की।कोषाध्यक्ष ओमपाल सिंह यादव ने जन्माष्टमी के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शीतल यादव, धर्मवीर सिंह यादव, नवाब सिंह यादव, उमेश यादव जिला पंचायत सदस्य, एड. ज्ञानेंद्र यादव, शैलेश यादव, सुभाष यादव, नवनीत यादव,संजीव यादव, विद्याराम नेताजी, प्रशान्त यादव, सुबोध यादव व अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक कृपाल सिंह यादव ने की तथा कार्यक्रम का संचालन समिति के महामन्त्री अशोक कुमार यादव ने किया।

# बिजली को लेकर प्रदेश सरकार की नीति अनुचित व अव्यवहारिक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विद्युत विभाग में भृष्टाचार और अनियमित्ताओं पर आज़ाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया। सेना कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली

**○ आजाद अधिकार सेना कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन**

की वर्तमान दरों को आधा करने और समस्याओं का निस्तारण करने को अलग से आयोग का गठन करने की मांग की।

प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए आज़ाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में घोर भ्रष्टाचार और अनियमितता के विरोध में प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश का हर नागरिक बुरी तरह पीड़ित और प्रताड़ित है। दुख की बात तो यह है कि इन मामलों में प्रदेश सरकार की नीति ऐसी अनुचित, आपत्तिजनक और अव्यावहारिक है, जिसके कारण समस्याओं का समाधान होने की जगह हालात बिगड़ते जा रहे हैं। ज्ञापन में बिजली विभाग के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने के साथ आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती पर भी तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की गई है. साथ ही पूर्व में आउटसोर्सिंग के माध्यम से की गई भर्तियों को स्थाई करने की मांग की। जबकि. नए स्मार्ट कार्ड मीटर का मीटर नंबर तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड किए जाने तथा बिल रिवीजन के नाम पर भ्रष्टाचार को रोकने के साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में गरीबों के लिए विद्युत दर को वर्तमान दर से तत्काल आधा किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा बिजली विभाग की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलग से शिकायत आयोग का गठन करते हुए हुए 7 दिनों में प्रत्येक शिकायत का निराकरण कर शिकायतकर्ता को सूचित किए जाने पर भी ज़ोर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, जिला प्रभारी शाहनवाज चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष रागिव हसैन, किशनपाल, उस्मान खान, पराग गुप्ता, मनोज कुमार, आसिफ एड. , सलीम, आदि लोग उपस्थित रहे।



## एक तरफ पति दूसरी और पत्नियों ने किया ग्रुप डांस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डीएसएम शुगर मिल में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे परिवार सहित तीज महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में महिला क्लब की अध्यक्षा पारुल शर्मा ने सभी अपने सहयोगियों के साथ तीज रनरअप मोहसिना व तीज क्वीन रूपा सक्सेना को चुना। इस दौरान अनेको कार्यक्रम किए गए। नृत्य प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, बूझो तो जाने, पंक्चुअलिटी, सरप्राइज गेम आदि में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। तत्पश्चात परिवार सहित ग्रुप डांस हुआ जिसमें एक तरफ महिला और दूसरी तरफ उनके पति भी शामिल रह

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विद्युत वितरण खण्ड बबराला के अधिशासी अभियंता को भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक ने बिजली समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि विद्युत विभाग के द्वारा कुछ लंबित समस्याओं का समाधान नही कराया जा रहा है। जिससे किसानों मे भारी रोष है। समय रहते समाधान नही किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक आपके कार्यालय पर अनिश्चित कालीन आन्दोलन करने के लिए बाधाा होती। किसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी। गंवा बिजली घर से कमवेश की जमीन के ऊपर जा रही 11 हजार की



लाइन को हटवाया जाये। लाइन से जान माल का खतरा बना हुआ है। धनारी फीडर से मझौला फीडर ऊपर नीचे से क्राँस हो रहे है। जिससे जान माल का खतरा है। इससे भकरोली पंवारी आदि गाँव को काटकर मझौला फीडर से जोड़ा जाये। जिससे धनारी फीडर ओवर लोड नही होगा। बिजली विभाग द्वारा किसानों पर फर्जी एफआईआर की गई है। उनका समाधान किया जाये। किसानो की फसलों के लिए कृषि फीडर पर शैडडूल के अनुसार बिजली आपूर्ति दी जाये।

# अभियंता को चेक कराए बिना नहीं हो प्रयोग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कम्पोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीमेंटी व रोड़ी आदि समेत व्यवस्थाओं की जांच की और विद्युत तारों को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी ने विकासखण्ड बहजोई के ग्राम आनंदपुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम ने सीमेंट एवं रोड़ी एवं अन्य व्यवस्थाओं जांच कर रोड़ी की गुणवत्ता को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। उन्होने सहायक अभियंता आर ई डी को चेक कराते हुए प्रयोग करने के निर्देश दिए। जबकि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही प्रयोग करने तथा निर्माण कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट एवं जियो टैग फोटो उन्हे भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा टयूबवेल वाले स्थान को रेनवाटर हार्वेस्टिंग के रूप प्रयोग किया जाए। अधिक्षण अभियंता विद्युत विभाग एवं निर्माण कारी संस्था यूपी सिड़को को विद्युत तारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय तक जाने वाले मार्ग को मनरेगा के माध्यम से चौडीकरण करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रंग बिरंगी लाइटों से जगमग हुआ कल्कि मंदिर



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल द्वारा 29 व 30 जुलाई को आयोजित होने वालें श्रीकल्कि जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जबकि मंदिर को भव्य रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया है।

संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया की दो दिवसीय श्री कल्कि जयंती महोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर (कोट पूर्वी) के जगमोहन और परिसर को झालर और लाइटिंग के द्वारा बहुत सुंदर सजाया गया है साथ ही रथ यात्रा पथ, नगर के मुख्य चौराहों और मुख्य मार्गो को लाइटिंग के द्वारा दुल्हन की तरह सजाया गया है। आगे उन्होंने बताया कल 29 जुलाई को श्री कल्कि भगवान की गारूणी रथयात्रा नगर के जिन मार्गो पर निकाली जाएगी उस मार्ग को नगर पालिका परिषद, संभल द्वारा दुरुस्त करवाकर साफ- सुथरा कर दिया गया है। बाहर से आने वाले श्रृद्धालुओं के ठहरने के लिए नगर के विभिन्न होटलों और धर्मशालाओं की व्यवस्था कर दी गई है।

# हरियाली तीजोत्सव में मनीषा बनीं तीज क्वीन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति बबराला के द्वारा तीजोत्सव मनाया गया। समिति की अध्यक्ष सुनीता वार्ष्णेय के आवास पर कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष सुनीता वार्ष्णेय ने गणेश पूजन से किया। कार्यक्रम में समिति की सभी महिलाए उपस्थित रही। तीजोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने मल्हार, भजन, गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मनीषा वार्ष्णेय तीज क्वीन चुनी गई। जबकि रागिनी वार्ष्णेय व वंदना वार्ष्णेय रनरअप रहीं। उनको ताज पहनाया गया। महिलाओ ने झूले पर झूलते हुए गीत गाये। सभी महिलाएं हरे परिधान में दिखीं। मंच का संचालन रेखा वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम में अनुपमा वार्ष्णेय, उपमा, कामिनी, रेखा, अनुराधा, खुशबू, अंजली, कुसुम, निशा, सीमा, ज्योति, लता, नीतू, कमल, निहारिका, डोली, पूनम, सारिका, मंजू, रश्मि, गौरी, राधा देवी आदि उपस्थित रही।

# एक लाख से अधिक आय अर्जित करने वाली लखपति दीदी सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सहज दुग्ध उत्पादक संस्था एवं स्वत: रोजगार विभाग के सौजन्य से पशुपालन/ दुग्धउत्पादन हेतु जागरुकता बढाये जाने हेतु तथा लखपति दीदी योजनान्तर्गत दुग्ध उत्पादन विक्रय कार्यो हेतु एक लाख से अधिक आय अर्जित करने वाली दीदियों को पुरुस्कृत एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में जागरूकता बढाये जाने के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई में आयोजित कार्यक्रम में बताया कि सहज एक दुग्धउत्पादकों के स्वामित्व वाली एवं नई पीढ़ी की सहकारिता के सिद्धांतों पर कार्य करने वाली संस्था है। यह उत्तर प्रदेश के 19 जनपदों में कार्य कर रही 132000 सदस्यों वाली सबसे बड़ी संस्था है। संस्था द्वारा आज उन सभी महिला सदस्यों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिन्होंने गत वर्ष एक लाख रुपये से अधिक की दुग्ध आपूर्ति की है। जनपद सम्भल में संस्था के 6300 सदस्य हैं, जिनमें 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। जनपद की 432 महिला सदस्यों ने एक लाख रुपये से अधिाक की दूध आपूर्ति की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह एवं सहायक आयुक्त(खाद्य) मानवेंद्र सिंह द्वारा संस्था द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई एवं लखपति दीदियों को सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सहज मिल्क प्रोडयूसर कंपनी की सराहना करते हुए कहा कि संस्था अपने सदस्यों को दूध का भुगतान समय पर सीधे उनके खातों में करती है, तथा कई सदस्यों ने 65 प्रति लीटर दूध मूल्य प्राप्त होने की पुष्टि की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था द्वारा किसानों को मात्र 7000 में बायो गैस संयंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसकी वास्तविक लागत 38,000 है, यह कदम पर्यावरणीय संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अत्यंत सराहनीय है। उन्होने श्री अन्न योजना को जीवन शैली में उतारने की शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा कहा गया कि परिश्रम एवं ईमानदारी से किसी भी व्यवसाय को आगे ले जाया जा सकता है।संस्था के मुख्य कार्यकारी डा. प्रफुल्ल भानवाड़िया द्वारा बताया गया कि संस्था अपने दुग्ध उत्पादक सदस्यों के लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम संचालित करती है, उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार उपलब्धा करती है एवं अगस्त माह से पशु चिकित्सा सुविधा प्रारंभ करने जा रही है।

## भगदड़ में मौतों पर व्यक्त किया शोक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर पर भगदड़ में मारे गए श्रृद्धालुओं के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

श्रृद्धालु मनसा देवी के दर्शन को लाइनों में लगे थे।तभी श्रृद्धालुओं में भगदड़ मच गई।जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी।मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। शोक व्यक्त करने वालों में नीरज, सुनील वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय, संजीव कुमार, दिनेश कुमार, उमेशचंद्र, सुरेश कुमार आदि आदि रहे।

**सूचना**

प्रस्तावित बहुउददेशीय मतस्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात, विकास खण्ड व जनपद सम्भल के गठन की एक आवश्यक दूसरी बैठक दिनांक 29.07.2025 को सिरसी देहात के पंचायत भवन पर 11:00 बजे आयोजित की जायेगी। समिति के सभी सदस्य बैठक में हिस्सा लेकर कार्यवाही पूर्ण करायें।

(सुधीर कुमार)
मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित बहुउददेशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात

# हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे दो युवकों की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर मूंढापांडे थाना इलाके में बाइक सवार तीन दोस्तों को पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सोमवार मुरादाबाद-रामपुर के बीच मूंढापांडे थाना इलाके में पराग फैक्ट्री के ठीक सामने तड़के करीब 4 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप का चालक पिकअप को भगा ले गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मृतकों की पहचान आकाश (19 साल) पुत्र स्वर्गीय रामवीर सिंह और माधव राम (20 साल) पुत्र जगपाल सिंह के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान अमर सिंह (20 साल) पुत्र बेचेलाल के रूप में हुई है। तीनों बरेली के आंवला थाना इलाके के गांव करूआ ताल के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि तीनों दोस्त बाइक से डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गए थे। हरिद्वार से गंगाजल लेने के बाद बरेली अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी मुरादाबाद में पराग फैक्ट्री के सामने हादसे का शिकार हो गए। हादसे में जान गंवाने वाला आकाश कुमार 12वीं में पढ़ता था। बीते दिन यानी 27 जुलाई को ही उसका जन्मदिन था। आकाश के चाचा उदयवीर ने बताया कि उन्होंने और परिवार के बाकी लोगों ने आकाश को बहुत रोका, लेकिन वो नहीं माना। आकाश के परिवार में अब सिर्फ मां सीमा देवी ही जिंदा बची है।



# लाडलाबाद में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**कांठ।** सावन के तीसरे सोमवार को लाडलाबाद मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा काबडियो और क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गुरु अरविंद ने लोगों को प्रसाद वितरण कराया। आज सावन का तीसरा सोमवार था जिसमें काफी संख्या में डाक कावड़ वेड़ों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया काफी बड़ी संख्या में काबडीए लाडला बाद और ढाकी मंदिरों पर पहुंचे इसके साथ-साथ क्षेत्र के महिला पुरुष बच्चे और बूढो ने भी अपनी-अपनी आस्था के मुताबिक भगवान शिव का जला अभिषेक कर पुण्य कमाने का काम किया। कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर पर भंडारे संचालित कराए तो गुरु अरविंद ने मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया।

## एक नजर

### पारूल अग्रवाल (जैन) ने की कचहरी परिसर में जनसम्पर्क कर वोट देने की अपील



**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी, मुरादाबाद के वार्षिक चुनाव में कोषाध्यक्ष पद हेतु श्रीमती पारूल अग्रवाल (जैन) एडवोकेट ने आज सोमवार को कचहरी परिसर में जनसंपर्क कर वोट देने की अपील की। श्रीमती पारूल अग्रवाल ने आज बगिया परिसर, अधिवक्ता भवन, सीजेएम कम्पाउंड सहित आदि जगहों पर जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से वोट मांगे। तथा पारूल अग्रवाल एडवोकेट को कोषाध्यक्ष पद हेतु क्रमांक संख्या-3 को अपना बहुमूल्य बोट एवं आशीर्वाद देकर भारी मतों से विजय बनाएं। उधर, आज आदीश कुमार जैन ने भी अपनी धर्मपत्नी पारूल जैन के लिए कचहरी परिसर में जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान आदीश कुमार जैन एड. विनीत कुमार तथा अन्य अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

### शाह टाइम्स की आशंका हुई सच, थ्री व्हीलर ही बने कांवड़ियों से विवाद का कारण, कार्रवाई जारी

**कांठ।** जिसका डर था आखिर रात को वही हो गया पुलिस की सजगता ने बढ़ने जा रहे बवाल को शांत कर दिया। लेकिन शाह टाइम्स द्वारा 18 जुलाई को छापी गई आशंका भी सच साबित हो गई है। घटनाक्रम रात के करीब 9:30 बजे का है जनपद बरेली का डाक कावड़ बेड़ा हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस आ रहा था। जैसे ही वह कांठ पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा सामने से आ रहे ऑटो ने डाक कावड़ बेड़े की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दो कांबड़िया पुष्पेंद्र पुत्र धन सिंह संजीव कुमार पुत्र लाल सिंह ग्राम धनोति गुर्जरपुरा थाना अलीगंज जनपद बरेली घायल हो गए। पुलिस ने तुरंत घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन वहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। काबडियो के घायल होने पर बेड़े के लोग सड़क पर बैठ गए और तुरंत कार्रवाई की मांग करने लगे। उन्होंने थ्री व्हीलर चालक को भी पड़कर मारपीट करनी चाहिए लेकिन यहां भी पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए चालक को हिरासत में लेकर थाने बैठा दिया उसका थ्री व्हीलर भी थाने में ले जाकर खड़ा कर दिया गया और कांवड़ियों को समझा बुझाकर मुरादाबाद के लिए रवाना किया गया। कुल मिलाकर पुलिस की तत्परता से मामला शांत हो गया इससे पहले 18 जुलाई को शाह टाइम में( थ्री व्हीलर और ई रिक्शाओं के कारण हो सकता है कांबडिओ के साथ विबाद) शीर्षक से एक खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें थ्री व्हीलर और ई रिक्शा वालों से विवाद होने की आशंका जताई गई थी और ठीक वैसा ही हुआ पुलिस के लाख समझाने पर भी अपनी आदत से मजबूर एक थ्री व्हीलर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने इस मामले में जरुरी कार्यवाही की है।

### नशे के खिलाफ अब सख्ती से चलेगा अभियान पूर्व प्रधान की शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक ने दिलाया भरोसा

**कांठ।** क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए अब पुलिस कडे कदम उठाने जा रही है। इसका भरोसा आज थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने मिलक पहाड़मऊ के पूर्व प्रधान रोहतास सिंह को दिलाया है। बतादे की आशापुर कॉलोनी में देसी शराब का कारोबार सदियों पुराना है लेकिन पिछले कुछ सालों से इस्मेक का कारोबार शुरू हुआ तो क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़नी शुरू हो गई।

इसका कई बार ग्रामीणो ने विरोध भी किया लेकिन वह इस सूखे नशे पर प्रतिबंध लगाने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नशेड़ियों ने स्कूल की छात्राओं को निशाना बनाना चाहा तो ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया उन्होंने नशेड़ियों को पड़कर उनकी धुनाई करनी शुरू कर दी ग्रामीणों ने नशेड़ियों को पकड़ना पीटना और भगाना जारी कर दिया। आज मिलक पहाडमऊ गांव के पूर्व प्रधान रोहतास सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक से मिले और उन्होंने इस नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की मांग की प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें इस नशे पर कड़ाई से कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि कल से ही पुलिस नशा करने वाले और बेचने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी लेकिन 4 अगस्त के बाद यह अभियान जोर पकड़ेगा और पुलिस की नजरे नशा बेचने वालों पर गड़ी रहेगी।

# अशोक सैनी बने जनशक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आज जन शक्ति दल के मुख्य कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के चुनाव हेतु राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की गई। इस बैठक में सर्व सम्मति से अशोक सैनी जी को पुन: राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही साथ शिव शंकर लोधी जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भूपेन्द्र अग्रवाल को राष्ट्रीय महासचिव, कुमारी निधि कश्यप को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व विजय सैनी व अनिल कुमार को राष्ट्रीय सचिव चुना गया।

अपने चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार में सरकारी प्राईमरी स्कूलों को बंद करना निराशाजनक है। सरकार गरीबों को शुलभ व निशुल्क प्राथमिक शिक्षा दिलाने में विफल साबित हुई है। जन शक्ति दल इसकी घोर निंदा करता है।



# दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी के चुनाव की तैयारियां पूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के चुनाव की तैयारियां एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव समिति ने पूर्ण कर ली है। कल प्रात: 10 बजे से शाम 5बजे तक होने वाले चुनाव में **21**पदो के लिए चुनाव होना है। कुल मतदाता। 2423 हैं। चुनाव में 76 प्रत्याशी मैदान में हैं। एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव समिति ने चुनाव हेतु 35वूथ चुनाव स्थल पर बनायें गये है और एक बूथ वृद्ध और विकलांगों के लिए नीचे बनाया गया है। एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव समिति ने चुनाव के लिए मतदाताओं से बार काउंसिल से जारी सी ओ पी वाला पहचान पत्र अथवा बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद द्वारा जारी पहचान पत्र को साथ लाने का निर्देश दिया है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रमाशंकर तथा सदस्य विजय गुप्ता सुभाष चन्द्र गर्ग सुधीर गुप्ता एवं महेश चन्द्र त्यागी ने चुनाव तैयारियों का निरीक्षण किया। मतदान की तैयारियां नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, जगदीश चंद्र मिश्रा संजय सक्सेना ष्सोनीष विशाल कांत मनोज कुमार गुप्ता, अरशद परवेज विवेक शर्मा रमेश सिंह आर्य कपिल विश्नोई, अनिल कुमार चौहान सतीश कुमार विश्नोई उस्मान अली संदीप खन्ना रामवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।



# टीएमयू में एआई एंड ब्लॉकचेन में मिलेगी अब बीटेक की डिग्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएस आईटी के आईबीएम के संग रिश्ते और भी प्रगाढ़ हो गए हैं। सीसीएसआईटी ने आईबीएम के कोलाबोरेशन से एक और नया प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम के तहत इसी सत्र से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस- एआई और ब्लॉकचेन में बीटेक-सीएसई की डिग्री दी जाएगी। इस प्रोग्राम की अवधि चार साल की है। बीटेक का यह प्रोग्राम तकनीकी कौशल, समस्या समाधान क्षमता के संग-संग वैश्विक स्तर पर स्टुडेंट्स को तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता शिक्षा के मद्देनजर यह प्रोग्राम प्रारम्भ किया गया है। यह कोर्स स्टुडेंट्स को भारत के डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और मेक इन इंडिया सरीखे राष्ट्रीय अभियानों को यह कोर्स सशक्त करेगा। इस कोर्स के बाद स्टुडेंट्स नवाचार, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन में महत्वूर्ण योगदान देंगे। इस डिग्री के जरिए छात्रों को न केवल विश्वस्तरीय शिक्षा मिलेगी, बल्कि वे रोजगार की दृष्टि से भी अत्यंत मजबूत बनेंगे। यह जानकारी देते हुए सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी ने बताया, एआई और ब्लॉकचेन तकनीकों का संयोजन आज नवाचार, सुरक्षा और पारदर्शिता के नए आयाम खोल रहा है। एआई निर्णयों को ब्लॉकचेन पर सुरक्षित रूप से संग्रहित कर पारदर्शी ऑडिटिंग संभव हो रही है, वहीं विकेन्द्रीकृत एआई बाजार में डेटा, मॉडल और एल्गोरिदम का सुरक्षित आदान-प्रदान हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में रोगी डेटा विश्लेषण, वित्तीय क्षेत्र में धोखाधड़ी की पहचान, आपूर्ति श्रृंखला में उत्पाद की निगरानी और स्वायत्त वाहनों के लिए सुरक्षित डेटा साझाकरण जैसे अनुप्रयोग इस तकनीकी संगम की शक्ति को दर्शाते हैं। एआई और ब्लॉकचेन का संयोजन तकनीकी नवाचार का शक्तिशाली माध्यम बन चुका है। स्वास्थ्य, वित्त, शिक्षा, ई-कॉमर्स और परिवहन जैसे क्षेत्रों में एआई जहां बुद्धिमान विश्लेषण और स्वचालन प्रदान करता है, वहीं ब्लॉकचेन डेटा की सुरक्षा, पारदर्शिता और ट्रेसिबिलिटी सुनिश्चित करता है। यह समन्वय स्मार्ट अनुबंध, स्वायत्त वाहन, एनएफटी और डिजिटल पहचान जैसे समाधानों को सशक्त बनाता है, जो एक सुरक्षित, उत्तरदायी और विश्वसनीय डिजिटल भविष्य की दिशा तय करता है।टीएमयू का यह प्रोग्राम तकनीकी शिक्षा और नवाचार को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

# जिले की 02 न्याय पंचायतों में आयोजित होगा प्रशिक्षण

**मुरादाबाद।** राजकीय फल संरक्षण केंद्र मुरादाबाद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र मुरादाबाद श्री सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद की 02 न्याय पंचायतों में दो दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में विभाग स्तर से निर्देश दिए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी की इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रशिक्षण प्रदान करके युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत इच्छुक व्यक्तियों को विभाग द्वारा मशीन एवं उपकरण के लिए 01 लाख रुपए अनुदान के रूप में भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा फल, सब्जी आधारित उत्पाद, कैचप, फ्रूटजूस, पेठा, मुरब्बा, जैम, पापड़, अचार, आलू चिप्स आदि बनाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक - प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए लाभार्थियों की अधिकतम संख्या 30 निर्धारित की गई है। ऐसे इच्छुक युवक एवं युवतियां जिनकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष है और साक्षर हों वे प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभाग करने के लिए कार्यालय राजकीय फल संरक्षण केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

# इस्लामनगर में बूथ कमेटी का हुआ गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बसपा सुप्रीमो के दिशा निर्देशों पर बूथ कमेटी का गठन किया बहन कुमारी मायावती के चार बार के शासन काल की नीतियों को जन जन पहुंचने का आवाहन किया गया। आज उत्तर प्रदेश में चारों तरफ गुंडागर्दी चरम सीमा पर है शासन प्रशासन जनता की शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हो रही है बेरोजगारी चरम सीमा पर है नौजवानों के लिए नौकरियां नहीं निकल रही है बेरोजगार हताश है महंगाई चरम सीमा पर है आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव में बसपा भारतीय जनता पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देगी और बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश का पांच बी वार मुख्यमंत्री बनाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुनील आजाद एडवोकेट जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद प्रतिनिधि मानसिंह विधानसभा अध्यक्ष, हरकेश विकास कुमार,सुमित कुमार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद अली के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मुनाजिर पुत्र शकूर निवासी ग्राम मोहम्मद इब्राहिमपुर थाना व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद**

# राशिका व आशी को तीज क्वीन का खिताब



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर के मंदिर पोड़ाखेड़ा पर मेला कमेटी और सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंदिर पर मेले का भी आयोजन हुआ। रविवार को हरियाली तीज कार्यक्रम में महिलाएं सज धजकर मंदिर पोड़ाखेड़ा पर पहुंची। विवाहित श्रेणी में राशिका के सिर पर तीज क्वीन का ताज सजा। शिवानी गुप्ता द्वितीय, रेनू चौधरी तृतीय स्थान पर रही। अविवाहित श्रेणी में आशी शर्मा के सिर पर तीजक्वीन का खिताब सजा। आराध्या द्वितीय, बिलारी में तीजोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रथम, आस्था चौहान का तृतीय स्थान पर चयन हुआ। निर्णायक मंडल में विनीता रस्तोगी, गायत्री कोली, शगुन जैन, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आई महिलाएं। अभिषेक शर्मा, नीरज रुहेला, प्रिया चौहान शामिल रहे। कार्यक्रम में अखिलेश श्रीवास्तव आदि रहे।

# टिमिट की छात्रा का 'जॉब्रो वेंचर्स प्रा. लि. (द इंडियन लार्डर)' में इंटर्नशिप के लिए चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट के विद्यार्थियों के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बड़ी कंपनियाँ टिमिट के विद्यार्थियों को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिट के विद्यार्थियों की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए चयन होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "जॉब्रो वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (द इंडियन लार्डर)" ने टिमिट के बीबीए की छात्राअदिति सक्सेनाको डिजिटल मार्केटिंग इंटर्नके पद परज्वाइनिंग प्रदान की है।इस अवसर पर टिमिट के प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने बधाई देते हुए कहा कि यह टिमिट के छात्रों के लिए गर्व का पल है। अदिति सक्सेना ने अपने क्षेत्र में उच्चतम स्तर की कामयाबी हासिल की है। यह चयन विश्वसनीय कंपनी में अनुभव प्रदान करने और अपने सपनों को पूरा करने का सशक्त माध्यम है।हम उन्हें उभरते हुए बाजार में हर उपलब्ध अवसर का उचित लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करनेके लिए प्रेरीत करते है।इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को वैश्विक महामारी में भी उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।



अदिति सक्सेना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0 डि0) कोर्ट नम्बर-3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

वाद सख्या:-125/2018

**तारीख पेशी:** 05.08.2025

**मौ० इस्लाम बनाम शमसुल इस्लाम**

**बनाम**

श्रीमती इमराना बेगम पत्नी नईम अहमद पुत्री स्व. श्री शमसुल इस्लाम निवासी रामपुर दोराहा, जहीर पब्लिक स्कूल के सामने मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 05 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 07 के दिवस 28 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**

**सिविल जज (जू० डि०) कोर्ट नम्बर-3, मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हमदर्द राईस मिल, ग्राम ठिरियादान पो० मानपुर जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म की पार्टनरशिप डीड दिनांक 18.08.1990 को बनायी गयी, जिसका पंजीकरण पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत पंजीकरण सं० बी-8283 पर दिनॉक 06.11.1990 को कराया गया। फर्म पंजीकरण के समय 1. श्री अब्दुल माजिद, 2. श्री मौ० साजिद, 3. श्री मौ० तय्यब, 4. श्री अब्दुल कदीर 5. श्री मौ० असलम, 6. श्री मौहम्मद सउद, 7. श्री जुल्फिकार अली, 8. श्री मौ० अकरम, 9. श्री मौ० मुकर्रम, 10. श्री मौ० लुकमान, 11. श्री लियाकत अली, 12. श्री रियासत अली पार्टनर्स थे। दिनॉक 16.02.1996 को श्री मौ० साजिद व दिनाँक 18.05.2024 को श्री मौ० लुकमान एवं दिनॉक 20.01.2025 को श्री मौ० तय्यब की मृत्यु हो गयी और शेष पार्टनर्स की आपसी सहमति से दिनाँक 26.07.2025 को फर्म का विघटन हो गया है।

**भवदीय- (अब्दुल माजिद)**

**पार्टनर मैसर्स हमदर्द राईस मिल ग्राम ठिरियादान पोस्ट मानपुर जिला मुरादाबाद।**

# हेपेटाइटिस से बचाव के लिए आज ही करें जांच और टीकाकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है ताकि इस खतरनाक लेकिन अक्सर अनदेखी बीमारी के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाई जा सके, जो दुनियाभर में 35 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करती है। इस वर्ष की थीम ष्लेट्स ब्रेक इट डाउनष है, जिसका उद्देश्य है ख्र लोगों को समय पर जांच कराने, शीघ्र निदान और उचित उपचार के लिए प्रोत्साहित करना। हेपेटाइटिस का अर्थ है लिवर में सूजन। यह दो प्रकार का हो सकता है ख्र एक्यूट और क्रॉनिक । एक्यूट हेपेटाइटिस के कारणों में हेपेटाइटिस ए और ई वायरस प्रमुख हैं, जबकि बी वायरस से कभी-कभी एक्यूट लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ दवाएं, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां, ऑटो इम्यून डिसऑर्डर्स, विल्सन डिजीज और गर्भावस्था से संबंधित स्थितियां भी इसका कारण हो सकती हैं। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नोएडा के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार ने बताया कि "एक्यूट हेपेटाइटिस की शुरुआत आमतौर पर थकावट, भूख न लगना, उल्टी आने जैसा महसूस होना, उल्टी, बुखार, शरीर दर्द और पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द से होती है, जिसके बाद पीलिया (आंखों और त्वचा का पीला होना), गहरे रंग का पेशाब, हल्के रंग का मल और खुजली हो सकती है। अधिकतर मामलों में हेपेटाइटिस ए और ई अपने आप 6ख्र8 हफ्तों में ठीक हो जाते हैं, लेकिन लगभग 1ख्र2% मामलों में यह एक्यूट लिवर फेलियर में बदल सकता है, जिसकी मृत्यु दर अधिक होती है। उपचार मुख्यत: लक्षणों के अनुसार होता है। गंभीर मामलों में प्ब्न और कभी-कभी लिवर ट्रांसप्लांट यूनिट में भर्ती की आवश्यकता पड़ती है। इलाज में मस्तिष्क में सूजन को कम करना, श्वसन, रक्त परिसंचरण और किडनी की कार्यप्रणाली को बनाए रखना और संक्रमण पर नजर रखना शामिल है। कुछ मरीजों को प्लाज्मा एक्सचेंज या लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता हो सकती है। अच्छी खबर यह है कि जो मरीज ठीक हो जाते हैं, उनका लिवर सामान्य कार्यक्षमता पुन: प्राप्त कर लेता है।" क्रॉनिक हेपेटाइटिस या क्रॉनिक लिवर डिजीज तब होता है जब लिवर की बीमारी छह महीने से अधिक समय तक बनी रहती है। इसके प्रमुख कारण हैं: शराब का अत्यधिक सेवन, फैटी लिवर डिजीज, हेपेटाइटिस बी और सी वायरस, ऑटोइम्यून लिवर डिजीज, विल्सन डिजीज (कॉपर की अधिकता), और हीमोक्रोमैटोसिस (आयरन की अधिकता)। यदि समय पर जांच और उपचार न हो, तो यह सिरोसिस में बदल सकता है। डॉ. संजय ने आगे बताया कि "शुरुआती लक्षण सामान्य और अस्पष्ट होते हैं जैसे कि थकावट, हल्का बुखार, और सामान्य जांच में लिवर फंक्शन टेस्ट में गड़बड़ी। सिरोसिस की स्थिति में लक्षण गंभीर हो सकते हैं ख्र जैसे पेट में पानी भरना, पैरों की सूजन, रक्तस्राव, मानसिक स्थिति में बदलाव, किडनी और फेफड़ों की समस्या, बार-बार संक्रमण, और हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा (लिवर कैंसर) का खतरा। इलाज का आधार मूल कारण होता है ख्र शराब से पूरी तरह परहेज, वजन कम करना और स्वस्थ जीवनशैली, हेपेटाइटिस बी और सी के लिए एंटीवायरल दवाएं, और कुछ अनुवांशिक स्थितियों के लिए विशेष उपचार जैसे कि प्लेबाटॉमी या कॉपर चेलेटिंग एजेंट्स। उन्नत चरण में लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता पड़ सकती है।" एक्यूट हेपेटाइटिस से बचाव के लिए साफ पानी और भोजन का सेवन जरूरी है और जोखिम वाले व्यक्तियों को हेपेटाइटिस ए का टीका लगवाना चाहिए। क्रॉनिक लिवर डिजीज के लिए शराब से दूरी, संतुलित आहार और व्यायाम आवश्यक हैं। हेपेटाइटिस बी और सी से बचाव के लिए असुरक्षित यौन संबंधों से बचाव, सुइयों या रेजर को साझा न करना, टैटू केवल स्वच्छ उपकरण से कराना और हेपेटाइटिस बी का टीका लगवाना जरूरी है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, सेक्टर-128, नोएडा में हम हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी हैं। यहां उन्नत जांच, विशेषज्ञों की टीम और व्यक्तिगत उपचार योजना के साथ सम्पूर्ण लिवर देखभाल उपलब्ध है।

विशेष रूप से हेपेटाइटिस बी और सी जैसे रोग अक्सर देर से पहचान में आते हैं, जिससे सिरोसिस और लिवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।



# बेटी को जन्म देने पर विवाहिता की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बेटी का जन्म होने पर पति ने पहले मारपीट की बाद में गला घोट पर हत्या कर दी। सूचना पर मायके वालों ने गांव पहुंचकर बेटी के पति पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझा कर महिला का शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मुंडापांडे क्षेत्र के गांव खड़कपुर निवासी चंद्रपाल सिंह ने अपनी बेटी की शादी 7 अक्टूबर 2024 को कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला जब्ती निवासी कमल कुमार पुत्र नरेश सिंह के साथ सामर्थ से अधिक दान दहेज देकर की थी । आरोप कि बेटी आंचल को प्रसव पीड़ा के दौरान साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में



भर्ती कराया गया था । अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान आंचल ने बेटी को जन्म दिया । पत्नी द्धारा बेटी का जन्म होने पर पति नाराज हो गया और अपनी पत्नी से कहने लगा कि मुझे बेटे की जरूरत थी तूने बेटी को क्यों जन्म दिया है। इस बात को लेकर नाराज पति कमल ने



अस्पताल में उसके साथ मारपीट की लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों के आ जाने पर उसे डांट डपट व समझा बुझा कर घर भेज दिया गया । आरा. ेप है 27 जुलाई को बेटे की चाह में पत्नी आंचल के साथ मारपीट कर गला दबा दिया। उसकी चींखी पुकार पर अन्य परिजन पर मोहल्ले की लोग पहुंचे। मारपीट के दौरान विवाहिता की हालत बिगड़ गई। जिसपर परिजन विवाहिता को उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाएगा। जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की सूचना पर आंचल के पिता चंद्रपाल सिंह माता भाई बहन पर अन्य परिजन और रिश्तेदार सोमवार को बेटी की ससुराल करनवाला जब्ती पहुंचे । बेटी का पति कमल ससुरालयों को देख घर से भाग गया । जिस पर उनका शक और अधिक गहरा गया । बेटी का शब देख पिता माता पर रिश्तेदार रोने विलखने लगे । मायके वालों ने बेटी की गला घोट कर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । किसी तरह समझा बुझा कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आंचल के माता-पिता पर रिश्तेदारों का रोते बिखलते बुरा हाल था।

## एक नजर

### उप्र उद्योग व्यापार संगठन ने पुलिस अधीक्षक देहात को दिया ज्ञापन



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन/ संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक देहात को एक ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया आजकल इन दिनों शहर के अंदर आसपास के इलाकों में रात को ड्रोन उड़ने को लेकर अफवाहों का बाजार चल रहा है ड्रोन के बहाने कारीगर व कर्मचारी रात भर जागकर पहरा देने का बहाना करके दिन में व्यापारियों के प्रतिष्ठान में नहीं आ रहे हैं जिससे कारोबार पर भी अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान हो रहा है कुछ असामाजिक तत्व ड्रोन के बहाने अफरा तफरी का माहौल बनाकर फिजा खराब करने का काम कर रहे हैं जिससे आसपास के इलाकों में डर का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है हमारा व्यापार मंडल आपसे अनुरोध करता है कि मुरादाबाद जिले की कानून व्यवस्था अति उत्तम चल रही है जिसको बने रहने के लिए पहले की भांति पुलिस पिकेट लेपर्ड और 112 नंबर की गाड़ियां हूटर बजाकर रात को गस्त करें ताकि चोरों में डर व जनता में पुलिस का भरोसा कायम रहे ज्ञापन देने में आदेश गुप्ता, अरविंद अग्रवाल जॉनी दीपक कत्याल, सुरेश कुमार, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधानों ने गांवों को नगर पालिका क्षेत्र से जोड़ने के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिलारी।** नगर पालिका द्वारा बिलारी के कुछ गांव को नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने के विरोध में ग्राम प्रधानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम प्रधान सहसपुर शगुफ्ता बिचौला कुंदरकी माजिद हुसैन शेरपुर माफी कुर्बान अली मुंडिया राजा मुनाजरा बेगम ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा है कि बिलारी नगर पालिका द्वारा बोर्ड की मीटिंग में हमारे गांव को नगर पालिका परिषद में समाहित करने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा है उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्हें और ग्राम वासियों को कोई भी सूचना नहीं दी गई है बिना सूचना के और हमारे बिना सहमति के ऐसा किया जाना हमारे अधिकारों का हनन है उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमें कोई पूर्व में सूचना नगर पालिका द्वारा नहीं दी गई है सभी ने इस प्रस्ताव को रोकने की मांग की है।

### मुस्लिम इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा में प्रबंध समिति बहाल, प्राधिकृत नियंत्रक की व्यवस्था समाप्त

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में पिछले लंबे समय से चल रही प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं की जाँच के बाद अब कॉलेज के संचालन में स्थिरता लौटने की संभावना है। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निद. ेशक कार्यालय, मुरादाबाद द्वारा जारी आदेश में संस्था की पूर्व प्रबंध समिति को पुनः बहाल कर दिया गया है, वहीं प्राधिकृत नियंत्रक की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में कय्यूम अली द्वारा संस्था में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद ने दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर मामले की पड़ताल करवाई। जांच रिपोर्ट में अनियमितताएं पाए जाने पर 29 सितंबर 2023 को राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्राधिकृत नियंत्रक के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में संस्था प्रबंधन द्वारा कृषि मद से संबंधित अवशेष धनराशि जमा कराने और अन्य बिंदुओं पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने पर 28 नवंबर 2024 को नियंत्रक व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। हालांकि, शिकायतों के पूर्ण समाधान न होने पर 1 अप्रैल 2025 को पुनः प्राधिकृत नियंत्रक की नियुक्ति की गई थी। प्राधिकृत नियंत्रक प्रीतम सिंह द्वारा प्रस्तुत नवीनतम रिपोर्ट में संस्था की सभी व्यवस्थाएं जैसे पंजिकाएं, खाता विवरण, शुल्क संग्रह, व्यय प्रक्रिया, छात्र निधियों का उपयोग, और मानदेय शिक्षकों के भुगतान संतोषजनक एवं नियमानुसार पाई गईं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि संस्था अब प्रशासनिक रूप से सक्षम है। रिपोर्ट के आधार पर 26 जुलाई 2025 को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद द्वारा आदेश जारी कर प्राधिकृत नियंत्रक की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया और पूर्व में गठित प्रबंध समिति को बहाल कर दिया गया। साथ ही हाजी मुख्तार अहमद सैफी के हस्ताक्षर को अधिकृत मान्यता प्रदान की गई है।

## ईंधन पुर नगला में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक के ग्राम ईंधन पुर नगला में प्राचीन शिव मंदिर झारखंड पाताल फोड़ मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर पर सावन के तीसरे सोमवार को सुबह 4 बजे से दोपहर तक बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

और कांवरियों ने डाक कांवर व अन्य पैदल कंवर चढ़ाई, मंदिर पर पुलिस प्रशासन के साथ कमेटी अध्यक्ष भूराज सिंह, प्रबंधक शिवलाल सैनी, सचिव धर्मेंद्र लाठर, डॉ वेदप्रकाश,विपिन ग्राम प्रधान चौधरी राजेंद्र सिंह वाल्मीकि, भोजराम सैनी, भगवानदास कश्यप, संतरलाल कश्यप, ऋषिपाल सिंह, देवी प्रजा. पति आदि लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने अधिशासी अधिकारी कुंदरकी को ज्ञापन सौंप कर नगर की अनेकों समस्याओं से अवगत कराया। ईओ कुंदरकी के देरी से आने के कारण किसान संगठन में रोष देखने को मिला। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष दानिश पाशा, जिला उपाध्यक्ष हाजी इमरान,मंडल मीडिया प्रभारी आजम राणा एवं नगर अध्यक्ष प्रवेश खान के नेतृत्व में दिए जाने वाला ज्ञापन ईओ कुंदरकी के देरी से आने की वजह से धरने में तब्दील हो गया। बाद में भाकियू भानु के राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण व प्रदेश सचिव परवेज खान के पहुंचने पर संगठन के लोग नारेबा. जी करते हुए पाल बिछाकर नगर पंचायत के प्रांगण में धरने पर बैठ गए। लगभग 2 घंटे बीत जाने के बाद ईओ कुंदरकी धरना स्थल पर पहुंचे इस बीच राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण



व प्रदेश सचिव परवेज खान की ईओ कुंदरकी से नोकझोंक भी हुई। जिसके बाद ईओ कुंदरकी ने देर होने का कारण बताते हुए संगठन के लोगों की ध्यान पूर्वक बातें सुनी तथा ज्ञापन पढ़ने के बाद हर संभव समाधान करने का आश्वासन दिया। वही नगर अध्यक्ष रूबेश खान ने नगर में बढ़ रहे मच्छर प्रकोप, पानी निकासी की समस्या, बिजली के पोल में आने वाली अर्थिंग, अंबेडकर पार्क का हमेशा बंद होना एवं सरकारी जिम में महिला ट्रेनर का न होना बताते हुए प्रत्येक समस्या का समय अनुसार हल करने का विचार रखा। जिस पर ईओ कुंदरकी द्वारा संगठन के लोगों से ज्ञापन स्वीकार कर उस पर कार्य करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय किसान यूनियन भानु ने ईओ कुंदरकी को सप्ताह भर के भीतर सभी समस्याओं एवं मांगों को पूर्ण करने का समय दिया है। धरने में मौजूद भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण, प्रदेश सचिव परवेज खान,जिला अध्यक्ष दानिश पाशा,जिला उपाध्यक्ष हाजी इमरान,मंडल मीडिया प्रभारी आजम राणा,युवा जिला प्रभारी महफूज रजा,जिला सचिव सुहैल अंसारी,जिला महासचिव जमा अब्बास,राहुल मौर्य,ब्लॉक अध्यक्ष रईसुल हसन,वरिष्ठ किसान नेता शोएब पाशा,आशु दिवाकर,ब्लॉक सचिव रईसुल,नगर सचिव अफसर अली,अजीम खान,युवा नगर अध्यक्ष डॉक्टर फैजान खान,कमल वर्मा,चिकित्सा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष जुनैद अली,बाबूराम सहित तहसील बिलारी की कार्यकारिणी मौजूद रही

## नाबालिग को प्रेमजाल में फंसा कर किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग को प्रेमजाल में फंसा कर बहला-फुसलाकर दुष्कर्म कर गर्भपात करा दिया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पीड़िता की मां ने डिप्टी एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह को तहरीर देकर के बताया कि उत्तराखंड के काशीपुर निवासी एक युवक ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को प्रेमजाल में फंसाकर पहले उससे बात. चीत शुरू की, फिर चोरी-छिपे मिलने-जुलने लगा। आरोप है कि युवक ने किशोरी को होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। और गर्भपात करा दिया। इस दौरान आरोपी ने वीडियो भी बना लिया और उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने विरोध किया या शादी की बात की, तो वह उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। वादी महिला का यह भी आरोप है कि जब पीड़िता ने युवक की मां को फोन कर पूरी घटना बताई, तो आरोपी की मां, बहन और परिजनों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। नाबालिग लड़की मानसिक और शारीरिक रूप से बुरी तरह टूट चुकी है तथा घर में चुपचाप रहने लगी थी। कई बार पूछने पर उसने रोते हुए पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। प्रकरण को लेकर पीड़िता की मां ने डिप्टी एसपी को नामजद तहरीर सौंपकर आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कांग्रेस के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर द्वारा शमीम चौधरी को नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष के स्वागत में आयोजित समारोह में पुष्पवर्षा, माला और पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. मो. उल्ला चौधरी ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद ने किया। नवनियुक्त अध्यक्ष शमीम चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को




साथ लेकर पार्टी को नई मजबूती दी जाएगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा,जिला महासचिव डॉ. मो.हनीफ सैफी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शरीफ आजाद अंसारी, कांग्रेस से चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी जिला सचिव जहांगीर कुरेशी, जिला सचिव मो.दीन सिद्दीकी, जिला सचिव रईस खां उर्फ बल्ले भाई, जिला सचिव हाजी मुस्तकीम अंसारी, जिला सचिव नाजिम गांधी, जिला सचिव हकीम अनवार अंसारी, जिला सचिव सादिक सिद्दीकी, जिला सचिव हाजी याकूब कुरेशी, युवक कॉग्रेस जिला उपाध्यक्ष इस्लाम सलमानी, जिला महासचिव अब्दुल्ला अंसारी, तहसील अध्यक्ष नौशाद अंसारी, नगर अध्यक्ष लारेव मंसूरी, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अनुज वाल्मीकि, सेवादल पूर्व नगर अध्यक्ष मोइन कुरेशी , पूर्व महासचिव नगर कॉग्रेस कमेटी राजकुमार पंडा ,मो. हसिन सिद्दीकी एड., शरीफ सिद्दीकी, इंतजार कुरेशी,जाहिद अली एड.,मास्टर रईस अहमद, सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुडिया मोहिउददीनपुर वि0ख0डिलारी**

पत्रांक 01/ग्रामनिधि/ निविदा, विज्ञापन,/ 2025-26 दिनांक 28/07/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत मुडिया मोहिउददीनपुर में शासन से प्राप्त धनराशि व ग्राम निधि द्वारा जनसेवा केंद्र का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04/08/2025 की शाम 3 बजे आमंत्रित की जाएगी। कार्य से सम्बंधित निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर उसी दिन 4 बजे तक खोली जाएगी। कार्य से संबंधित बिल आफ क्वांटिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यलय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्त एवं प्राकलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी०/ बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र० स० | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि धन | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मुडिया मोहिउददीनपुर में जनसेवा केंद्र (CSC) का निर्माण कार्य | सीमेंट, रेता, बजरी, लोहा, ईंट, रोड़ा आदि | 486850 | 9737 | 100 | 1 महीने |

शर्ते
1. निविदा को निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. कोई भी निविदा बिना शर्त स्वीकार नहीं की जाएगी

प्रधान
ग्राम पंचायत मुडिया मोहिउददीनपुर
विकासखंड डिलारी , मुरादाबाद

सचिव
ग्राम पंचायत मुडिया मोहिउददीनपुर
विकासखंड डिलारी , मुरादाबाद

## चोरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने खुद संभाली, रात्रि गश्त की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर व देंहात क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। ग्रामीण अलग- अलग टुकड़ी बनाकर नगर व क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से चोरों के आतंक का भय इस कदर सता रहा है कि गश्त करने को लेकर ग्रामीणों खुद ही वेवश नजर आ रहे है। ग्रामीण। इलाके में लोग शाम ढलते ही अपने अपने घर बार हाथों में लाठी डंडे लेकर सुरक्षा में तैनात हो जाते हैं। लेकिन पुलिस रात्रि गश्त में बढ़ोतरी करने में नाकाम होती नजर आ रही हैं। आप को बताते चले कि इन दिनों कोतवाली क्षेत्र में लाप. रवाह पुलिसिंग के चलते चोरों हौसले बुलंद हैं। हालत ये है कि रात के समय घड़ी की सुई दस बजाती है तो नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन खुद ही रात्रि गश्त पर निकल पकड़ते हैं। रोज रात को लोगों की नींद उड़ी रहती है कि चोर कहीं वारदात को अंजाम न दे दें। गांवों के लोगों में चोरों का जिस तरह खौफ है, उस तरह की स्थिति एक दशक पहले ज्यादा हुआ करती थी। लोग पुराने दिनों को याद करते पुलिसिंग सिस्टम को कोस रहे हैं। नगर में कहीं न कहीं चोरी की घटना आम



बात हो गई है। कोतवाली क्षेत्रों के गांवों में व नगर चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में लोगों ने खुद और घरों की सुरक्षा के लिए गांवों में पहरा लगाना शुरू किया है। जिसके चलते ग्रामीणों व नगर वासियों में कोतवाली पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है। वही पर नगर व ग्राम वासियों ने कोतवाली पुलिस से रात्रि में गश्त बढ़ाने की बात कही है। वही नगर के शहनाई रिसोर्ट के पास से रात में नगरवासियों ने अज्ञात दो चोरो को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है।

**बेदखली सूचना**

मैंने व मेरे परिवार वालों ने अपने पुत्र नितिन कुमार को गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद नितिन कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन का वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा।

**बालेश पुत्र श्री फूल सिंह निवासी ग्राम शिवपुरी व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर।**

## पीडब्ल्यूडी के अतिक्रमण हटाने व चिन्हित करने के विरोध में व्यापारी एसडीएम से मिले

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा नगर के कदीर तिराह से लेकर चलचित्र तक लोक निर्माण विभाग की सरकारी संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर लोक निर्माण विभाग ने भूमि को चिन्हित कर दिया है । जिसको लेकर दुकानदारों व व्यापारियों में हड़कप्प मचा है इसी की विरोध में दुकानदार व व्यापारी भाजपा नेता अजय प्रताप ठाकुर के नेतृत्व में तहसील सभागार में एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । जिसमें दुकानदारों का आरोप था कि 20 25 वर्ष पूर्व उक्तभूमि रजिस्टर्ड बनाने से खरीद कर अपनी दुकानें बना कर कारोबार कर रहे हैं । चार दिन पूर्व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क के मध्यांतर से 20 मीटर की दूरी तक की भूमि को अपना बताकर निशान लगाकर चिन्हित कर दिया है । साथ ही चेतावनी दी कि दुकान अपना सामान अतिक्रमण हटा ले अन्यथा बुलडोजर से हटा दिया जाएगा । जबकि दुकानदारों का कहना है कि बस लगातार नगर पालिका को भी हाउस टैक्स लगातार जमा करते चले आ रहे हैं । उनका कोई अवैध अतिक्रमण नहीं है बल्कि रजिस्टर्ड बनामें से भूमि खरीदी है । अगर सरकार की भूमि है तो बैनामा किस आधार पर रजिस्टर ने किया है। इसको लेकर व्यापारियों पर दुक. ानदारों में आक्रोश प्राप्त है । व्यापारियों ने इस अतिक्रमण को रोके जाने की मांग की । एसडीएम प्रीति सिंह ने स्पष्ट कहा कि सरकार की भूमि पर अगर अतिक्रमण पाया गया तो वह निश्चित ही हटाया जाएगा इस पर किसी तरह का कोई समझौता नहीं होगा । शासन स्पष्ट निर्देश है की सारी सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाया जाए। चाहे कितने भी वर्ष पुराना क्यों न हो । ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि वह व्यादमूपारियों को न्याय दिला कर रहेंगे । निर्णय लिया कि संबंध में मंगलवार को जिला अधिकारी व लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इस समस्या का समाधान निकालेंगे। इस दौरान आशुतोष अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, इकबाल हुसैन, सलीम अहमद, अफरोज, रचित अग्रवाल साहित्य दर्जनों दुकानदार मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/ मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Tender No. Date | 122-DRM-MB-25-26 Dt. 26.07.2025 | | |
| Name of work | Maintenance of Lawn of Officer's Bungalows, parks & Other Service Building in the section of SSE/W/DRM Office/MB. | | |
| Tender Closing Date Time | 18.08.2025 | Advertised Value (₹) | 69,99,997.53 |
| Earnest Money (₹) | 1,40,000.00 | Tender Cost (₹) | 00 |
| Bidding Start Date | 04.08.2025 | Period of Completion | 12 Month |

पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2289/2025

# विमेंस चेस विश्व विजेता बनीं दिव्या



- **विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं 19 साल की दिव्या देशमुख**
- **भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल में हराया, भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है।

उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रा खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया। दिव्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद दिव्या देशमुख ने मां को गले लगाया। मां से मिलते ही वे इमोशनल हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक आए। सेमीफाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंगयी को हराने के बाद दिव्या अपने इमोशंस पर कंट्रोल नहीं कर पाई थीं। महाराष्ट्र की दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी को 1.5-0.5 से हराया से। दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने बीच गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंगयी को गलतियां करने पर मजबूर किया। क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंगयी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली, लेकिन समय की कमी में झोंगयी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं। पहले गेम में काली मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने संतुलित रणनीति अपनाई और गेम ड्रा कराया था। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने मोहरों की अदला-बदली के साथ संतुलन बनाए रखा। अंत में दोनों के पास एक-एक हाथी, एक-एक छोटा मोहरा (ऊंट/घोड़ा), और तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में थे, जिसके कारण गेम ड्रा रहा।

# चोटिल ऋषभ पंत टेस्ट सीरीज से हुए बाहर, एन जगदीशन को टीम में जगह



**मैनचेस्टर, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चोटिल पंत के पांचवें टेस्ट में खेलने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऋषभ पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

उन्होंने पंत के बेजोड़ धैर्य और जज्बे की भी तारीफ करते हुए उनके अविस्मरणीय पल को याद किया जब पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कहा कि पंत ने टीम और देश के लिए जो किया है, उसके बारे में पीढ़ियां बात करेंगी। टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना बहुत कम लोगों ने किया है। उनकी जितनी भी तारीफ की जाए, वह उनके साहस के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। पांचवें टेस्ट मैच से पहले जगदीशन मंगलवार को लंदन पहुंच जाएंगे और भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जगदीशन काफी समय से भारत ए के सेटअप का हिस्सा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सीज़न में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। 2023-24 में जहां उन्होंने 13 पारियों में 74-18 की औसत से 816 रन बनाए थे। जबकि अगले सीज़न यानी 2024-25 में जगदीशन ने 56-16 की औसत से 674 रन बनाए थे जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल है। जगदीशन का 2016 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद से एक शानदार घरेलू रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणीय क्रिकेट में 79 पारियों में 47-50 की औसत से 10 शतक और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3373 रन बनाए हैं, जिसमें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ के खिलाफ 321 रन की पारी शामिल है जोकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफआईएसयू विवि खेलों में 12 पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**जर्मनी, वार्ता।** महिलाओं की रेस वॉक टीम ने कांस्य पदक और ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने 12 पदकों के साथ एफआईएसयू विश्व विश्व विद्यालय खेल 2025 में अपना अभियान का समापन किया। जर्मनी में रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन का पहला पदक महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में मिला। इस स्पर्धा में भारतीय टीम सेजल अनिल सिंह, मुनिता प्रजापति और मानसी नेगी ने कुल समय 4:56:06 के साथ कांस्य पदक जीता। सेजल अनिल सिंह सबसे तेज भारतीय रेस वॉकर रहीं, जिन्होंने 1:35:21 समय के साथ 15वां स्थान हासिल किया। मुनिता प्रजापति 1:39:33 समय के साथ 18वें और मानसी नेगी 1:41:12 समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की इस 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में चीन ने 4:28:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4:31:20 समय में दौड़ पूरी कर रजत पदक हासिल किया।

### यूपीओए पेश करेगा नेशनल यूथ गेम्स के लिए दावेदारी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेज़बानी के लिए कमर कस ली है। एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने आयोजित वार्षिक साधारण सभा के बाद यह जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर भारतीय ओलंपिक संघ को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक ने की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचीबद्ध खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची बनाकर उनकी ज़रूरतों को समझा जाए और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

### कौशल हांगकांग की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**हांगकांग, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में हम न केवल अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को ऊँचा उठा सकते है।

# टेस्ट मैचों में होना चाहिए इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम: गौतम गंभीर



- **अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है तो यह नियम बेहद आवश्यक है**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के बदले सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को एकादश में शामिल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि टेस्ट इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम होना चाहिए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को 'हास्यास्पद' बताया है। गंभीर ने कहा कि बिलकुल, मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है, तो मुझे लगता है कि यह बेहद आवश्यक है। ऐसे नियम होने चाहिए कि आप किसी और को विकल्प के तौर पर एकादश में ला सकें, बशर्ते यह स्पष्ट रूप से दिख रहा हो। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, विशेषकर ऐसी सीरीज में जो पहले तीन टेस्ट में बेहद करीबी रही है। सोचिए अगर हमें 10 खिलाड़ियों के साथ 11 के खिलाफ खेलना पड़ता, तो यह हमारे लिए कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता। स्टोक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बिल्कुल हास्यास्पद है कि चोट के विकल्प को लेकर कोई बातचीत चल रही है। इसमें बहुत सी कमियां होंगी, जिनसे टीमें इसका फायदा उठा सकती हैं। आप जो एकादश चुनते हैं, वही खेलनी चाहिए। चोट खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से कनकशन विकल्प को समझता हूं क्योंकि यह खिलाड़ी की सुरक्षा से जुड़ा है। लेकिन मुझे लगता है कि चोट के विकल्प पर बातचीत को यहीं रोक देना चाहिए। अगर आप मुझे एमआरआई में भेज दें, तो मैं किसी और को तुरंत एमआरआई मशीन में भेज सकता हूं। जिसमें दिख जाएगा कि घुटने में हल्की सूजन है और फिर टीम कहेगी हमें नया गेंदबाज मिल सकता है। इसलिए यह बातचीत अब बंद होनी चाहिए।

# मुर्मू-मोदी ने दिव्या देशमुख को बधाई दी





**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि दिव्या ने सोमवार को हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह भी मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं, और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं। यह हमारे देश में विशेषकर महिलाओं में, प्रतिभा को दर्शाता है। मैं कोनेरू हम्पी की सराहना करती हूं जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और भी गौरव हासिल करेंगी और हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का एक ऐतिहासिक फ़ाइनल। युवा दिव्या देशमुख के फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने पर गर्व है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई, जो कई युवाओं को प्रेरित करेगी। कोनेरू हम्पी ने भी पूरी चैंपियनशिप में अपार कौशल का प्रदर्शन किया है। दोनों खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## साय ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या व कोनेरू को दी बधाई

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख व कोनेरू हम्पी को बधाई देते हुए कहा कि महिला शतरंज विश्व कप-2025 का फाइनल भारत के लिए गर्व का क्षण था। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास। महिला शतरंज विश्व कप-2025 के फ़ाइनल में भारत के लिए यह गर्व का क्षण था, जब भारत की बेटियाँ आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख ने खिताब अपने नाम किया, वहीं कोनेरू हम्पी प्रतियोगिता की रनरअप बनी। यह केवल एक मैच नहीं था बल्कि यह एक नए भारत की तस्वीर थी, जहाँ बेटियाँ न सिर्फ सपने देखती हैं बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के सामने साकार भी करती हैं।

# रवींद्र जडेजा और सुंदर शतक पूरा करने के हकदार थे: गिल

- **एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है: भारतीय कप्तान शुभमन गिल**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर अपना-अपना शतक पूरा करने के हकदार थे। चौथा टेस्ट मैच ड्रा समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में गिल ने कहा कि पांचवें दिन भारत की पारी के 138 ओवर पूरे होने के बाद जब जडेजा (89) और वॉशिंगटन सुंदर (80) शतक के करीब थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत से ड्रॉ के बारे में पूछा था लेकिन तब ड्रेसिंग रूम से यह संदेश भेजा गया कि दोनों बल्लेबाज खेलना जारी रखें। गिल ने कहा कि शुरुआती दो विकेट खोने के बाद इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। जडेजा और वॉशिंगटन दोनों ही शतक के करीब थे इसलिए हमने सोचा कि वह दोनों ही शतक डिजर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट मैच आपको कुछ ना कुछ सिखाता है, एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है। उम्मीद है कि हम अगला मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने में सफल होंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि आपने अतीत में कितने रन बनाए हैं।

# अंतिम टेस्ट में जैमी इंग्लैंड टीम में शामिल



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पाँचवें मैच के लिए इंग्लैंड ने सोमवार को ऑलराउंडर तेज गेंदबाज जैमी ओवर्टन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आज बताया कि जोफ आर्चर, क्रिस वोक्स, जॉश टंग, गस एटलकसन और ब्रायडन कार्स के साथ जैमी ओवर्टन में छठे मुख्य तेज गेंदबाज होंगे। ओवरटन को टीम में शामिल करने का निर्णय कप्तान बेन स्टोक्स के इस बयान के बाद आया है कि इंग्लैंड को अंतिम मैच से पहले नए खिलाड़ियों की आवश्यकता है। ओवरटन ने तीन साल पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर में अब तक केवल एक ही टेस्ट खेला है। पांचवां टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल में शुरू होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड में रविवार को ड्रॉ रहे चौथे टेस्ट के बाद इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जैमी ओवर्टन, ओली, रूट, जेमी स्मिथ जॉश टंग व क्रिस वोक्स।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने जीता यूरो कप का खिताब

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो कप) 2025 का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में स्पेन की मारियोना काल्डेंटे ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इंग्लैंड की अलेसिया रूसो ने 57वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच में निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने दो शानदार बचाव किए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

## धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज पर लगा मैच फीस का 10 %जुर्माना

**बासटेयर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। वेस्टइंडीज को 26 जुलाई को खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाप धीमी ओवर गति के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

वेस्टइंडीज ने आईसीसी आचार संहिता 2-22 का उल्लंघन किया। उसने तय समय में दो ओवर कम फेंके। कप्तान शाई होप ने आईसीसी मैच अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# मैनचेस्टर टेस्ट: गिल के नाम दर्ज हुए पांच रिकॉर्ड



- **चार शतक लगाकर ब्रैडमैन व गावस्कर की बराबरी की, सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय**
- **ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया, टीम ने दूसरी पारी 143 ओवर बैटिंग की**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट में रिकाड्र्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डान ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए। शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डान ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चौपल, सुनील गावस्कर, डेविड गावर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं। इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। रवींद्र जडेजा के इस टेस्ट सीरीज में 5 अर्द्धशतक (50+ स्कोर) हो चुके हैं। नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट सीरीज (घरेलू या विदेशी) में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण की बराबरी की है, जिन्होंने 2002 के वेस्टइंडीज दौरे में इतने ही 50+ स्कोर बनाए थे। वाशिंगटन सुंदर ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। यह भारत की ओर से इस टेस्ट सीरीज में 11वीं सेंचुरी है। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ, 1978/79 की घरेलू सीरीज में भारत ने 11 सेंचुरी लगाई थीं। किसी टेस्ट सीरीज में पहली बार ऐसा हुआ जब भारत के चार बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए। शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा ने ऐसा किया। ओल्ड ट्रैफ्ड में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम कभी टेस्ट नहीं जीत पाई है। टीम को इसमें 3 बार हार मिली और 9 बार मैच ड्रा हुआ। भारत ने अब तक दो बार ऐसे मौकों पर टेस्ट मैच बचाया है जब उसे पहली पारी में 300 या उससे ज्यादा रन की बढ़त का सामना करना पड़ा हो।

# जडेजा 30 से अधिक विकेट व एक हजार से अधिक रन बनाने वाले तीसरे विदेश खिलाड़ी बने



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने किसी एक देश में आज एक हजार से अधिक रन और 30 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। एक हजार से अधिक रन और 30 विकेट लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हो गया। यहां चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए यह उपब्लधि हासिल की। वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, इंग्लैंड में 1820 रन और 62 विकेट लेकर इस मामले में शीर्ष पर है। इस मामले में इंग्लैंड के विल्फेड रोड्स ऑस्ट्रेलिया में 1032 रन और 42 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है।

# बनियाठेर पुलिस की छापेमारी में दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

■ ओयो की तर्ज पर चल रहा था कोयो होटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ओयो की तर्ज पर 'कोयो फ्रेंड्स हाउस' नाम से एक गेस्ट हाउस में लंबे समय से देह व्यापार का धंधा चल रहा था। सोमवार को थाना बनियाठेर पुलिस ने आटा गांव स्थित मॉल के पीछे संचा. लित इस संदिग्ध होटल पर छापा मारकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान दो महिलाओं सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ वेश्यावृत्ति अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आटा गांव के मॉल के पीछे बने 'कोयो फ्रेंड्स हाउस' नामक होटल में अनैतिक गतिविधियां संचा. लित की जा रही हैं। सूचना मिलते ही थाना बनियाठेर की टीम ने प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की योजना बनाई। सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर होटल के अलग-अलग कमरों में दबिश दी। पुलिस टीम को कमरों से डस्टबिन में प्रयुक्त वस्तुएं, और अन्य आपत्ति. जनक सामान मिला, जिससे पुष्टि हुई कि यहां देह व्यापार जैसी अवैध गति. विधियां हो रही थीं। पुलिस ने मौके से दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें होटल संच. ालक अजय निवासी मौलागढ थाना चंदौसी सलीम, निवासी सहसपुर कस्बा कोतवाली बिलारी जनपद मुरादाबाद। गिरफ्तार सभी आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। प्राथमिक जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि होटल की आड़ में संगठित रूप से वेश्यावृत्ति का धंधा चलाया जा रहा था। पुलिस ने अजय और सलीम के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही पकड़ी गई महिलाओं को भी पूछताछ के बाद संबंधित धाराओं में शामिल किया गया।

होटल पर कार्यवाही करने में प्रभारी निरीक्षक थाना बनियाठेर मेघपाल सिंह, चौकी इंचार्ज नरौली संजय कुमार, सिपाही वरुण कुमार, महिला कांस्टेबल डॉली रानी, निशा गंगवार आदि रहे। प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। कोयो फ्रेंड्स हाउस पर मिली सूचना की पुष्टि के बाद छापा मारा गया और अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की गई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधा चौधरी, पूर्व अध्यक्ष पदमा भार्गव, वाइस प्रेसिडेंट अनु रस्तोगी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर जायट्स प्रार्थना के साथ शुभारंभ किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत शालिनी शर्मा और शीनू शर्मा द्वारा राधा-कृष्ण पर आधारित सुंदर नृत्य से हुई। इसके बाद हरियाली तीज के पारंपरिक गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। नीरू सिंह, नंदिनी अग्रवाल, और अमित शर्मा ने घूमर और अन्य लोक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अंतत: सोनिया गर्ग को 'तीज क्वीन' का ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें विशेष उपहार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर रिशु गर्ग, शालिनी सक्सेना, सुमन सैनी, शिखा शर्मा, सुनीता, विमलेश सैनी, रागिनी सैनी, सुमन शर्मा, रचना, रेनू बंसल, वीना शर्मा, नूतन अग्रवाल, सुप्रीति गुप्ता, अमित, निक्की, शेफाली, नंदिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाढ़ आपदा से बचने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**मूंढापांडे।** सोमवार को विकासखंड मूंढापांडे के सभागार में राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं संभावित बाढ़ 2025 के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें समस्त ग्राम प्रधान पंचायत सचिव लेखपाल आशा वर्कर आंगनबाड़ी एएनएम इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया प्रशिक्षण में जिले से आपदा प्रबंधन अधिकारी प्रदीप कुमार के द्वारा बताया गया कि गांव में सभी को आपदा से निपटने के लिए क्या-क्या जरूरी कदम उठाने हैं और किस प्रकार से लोगों को और कंट्रोल रूम को सूचना प्रदान करनी है और बचाव के तरीकों के बारे में भी बताया गया प्रशिक्षण मे प्रशांत कुमार नायब तहसीलदार सदर मुरादाबाद ,खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मूंढापांडे एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे प्रशिक्षण का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया के द्वारा किया गया,इस दौरान गणेश कुमार कोपरेटिव सहकारिता विभाग मुरादाबाद,एडीओ आईएसवी अमरीश यादव,राजेश कुमार, उवैद असलम, जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### सिरसा ठाट के जंगल में घूम रहे तीन तेंदुओं की तिकड़ी बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

**कांठ।** सिरसा ठाट के जंगल में घूम रही तीन तेंदुओं की तिगड़ी ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबव बनी हुई है दो दिन पहले बेसहारा घूम रहे एक गोवंश को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है ग्रामीणों में डर का माहौल है ग्रामीण वन विभाग से पिंजरा लगाए जाने की मांग कर रहे हैं। गांव के संजय बिश्नोई का कहना है कि दो तेंदुए तो एक ही रंग के हैं लेकिन एक तेंदुए का रंग काला है तेंदुआ गांव के पास दिन छिपते ही आकर किसी न किसी के घर के सामने खड़ा हो जाता है जिससे लोगों को अनहोनी की आशंका सताती रहती है। ग्रामीणों के मुताबिक 2 दिन पहले तेंदुआ बेसहारा गोवंश को गांव के पास से उठाकर अपना शिकार बना चुका है दोपहर में भी तेंदुए खेतों में बिचरते देखे जा रहे हैं। ग्रामीण अनहा. ेनी की आशंका से डरे हुए हैं ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर इन टेंदुओ को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।

# व्यापार मंडल ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया और देश के वीर जवानों को नमन किया। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि 26 जुलाई का दिन देश के बहादुर बेटों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है। यह दिन भारतवासियों को गौरवांवित करने वाला होता है क्योंकि इस दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

इसमें भारत की विजय हुई थी। कारगिल युद्ध मई 1999 से जुलाई 1999 तक चला था। जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने कहा कि कारगिल की लड़ाई में लगभग 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। यह युद्ध ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ा गया था, जहां तापमान -10 सेल्यिस से -20 सेल्यिस तक गिरता था। 26 जुलाई को आधिकारिक तौर पर कारगिल युद्ध की समाप्ति हुई थी।

डॉ टीएस पाल ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की गौरवपूर्ण जीत और देश के लिए जवानों की शहादत इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर अमर गाथा बन गई। देश को अपने जवानों के शौर्य पर गर्व है। इस दौरान अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, प्रभात कृष्णा, डॉ टी एस पाल, सन्नी शर्मा, आकाश कुमार शर्मा, सुधीर गौड़, सुशील वार्ष्णेय, रिंकू जोशी, कमल कश्यप, आशीष आदि मौजूद रहे।

# 9.70 लाख की गड़बड़ी: चेक बाउंस के बाद भी रकम निकाल ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** यूपी ग्रामीण बैंक में एक गंभीर लापरवाही और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें एक बाउंस हुए चेक के बावजूद करीब 9.70 लाख रुपये की निकासी कर ली गई। यह मामला सिर्फ बैंकिंग लापरवाही का नहीं, बल्कि आपराधिक षड्यंत्र और कर्मचारियों की संलिप्तता की भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार, एक वर्ष पूर्व गरीब विधवा त्रिवेणी के बेटों को झूठे मुकदमे में फंसाने की पूर्व की घटना में प्रेमपाल (राशन डीलर) और प्रमोद कुमार का आर्थिक लेनदेन था। अब प्रेमपाल का पुत्र सिद्धार्थ, जो पहले से विवादित गतिविधियों में संलिप्त रहा है, उसी कड़ी को आगे बढ़ाता दिखाई दे रहा है। सिद्धार्थ ने योजनाबद्ध तरीके से 9.70 रु. लाख का चेक प्रमोद कुमार को जारी किया। जब प्रमोद ने यह चेक बैंक में लगाया तो खाते में पर्याप्त धनरा. शि न होने के कारण यह चेक बाउंस हो गया। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से जब यह चेक दोबारा लगाया गया, तो बैंक ने बिना सत्यापन या सूचना के रकम पास कर दी, जिससे यह संदेह उठता है कि कहीं बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत तो नहीं। इसके बाद प्रमोद कुमार ने रकम को आहरित कर लिया। 8.80 रु. लाख नकद निकाले गए जबकि शेष 90,000 रु. यूपीआई के माध्यम से उसकी बेटी के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि बैंक प्रबंधक को इस लेनदेन की जानकारी तक नहीं मिली, और अब जब मामला उजागर हुआ तो बैंक अधिकारी अपने पैसे वापसी की मांग कर रहे हैं, जबकि चेक जारीकर्ता सिद्धार्थ इस लेनदेन से पीछे हट चुका है। गौर करने वाली बात है कि करीब दो साल पहले भी इसी बैंक में एक महिला कर्मचारी द्वारा एक अधिवक्ता का लाख का चेक गुम कर देने की घटना हुई थी। यह दर्शाता है कि बैंक में लंबे समय से लापरवाही का माहौल बना हुआ है। इस घटना ने बैंकिंग प्रक्रिया पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

जिस चेक को पहले बाउंस किया गया था, उसे दोबारा बिना खाताधारक की सहमति या सूचना के पास कर देना, बैंकिंग नियमों का खुला उल्लंघन है। इससे यह संदेह पुख्ता होता है कि आहरण के समय बैंक के किसी कर्मचारी की संलिप्तता हो सकती है।

### चोरों ने चाकू की नोक पर महिला के उतरवाए जेवर, लाखों का नुकसान



**कांठ।** रात को दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने वृद्धा के गले पर चाकू की नोक रखकर उसके जेवर उतरवा लिए और जिस रास्ते से आए थे उसी रास्ते से फरार हो गए। महिला ने लाखों के नुकसान की बात कही है घटना पट्टी मोडा कांठ की है रात को करीब 2:30 बजे सुनहरी पत्नी यादराम अपने घर में सोई हुई थी उसके आंगन की दीवार छोटी होने के कारण दो चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए और महिला के गले पर चाकू रख दिया चोरों ने महिला के नाक का फूल कानों के कुंडल और गले में पड़ी तिबजिया को निकलवा लिया।

डर के मारे महिला खामोश पड़ी रही और चोर जिस रास्ते से आए थे उसी रास्ते से बड़े आराम से फरार हो गए। उनके जाने पर महिला ने शोर मचाया तो परिवार और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए लेकिन तब तक चोर लोगों की जद से दूर जा चुके थे। महिला का कहना था की चोरों ने मुंह पर कपड़ा लपेट रखा था और उनकी भाषा भी यहां के लोगों जैसी नहीं थी इस घटना से मोहल्ले में डर का माहौल दिखाई दिया पीड़ित ने अभी पुलिस को इस संबंध में लिखित सूचना नहीं दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

## लैंगिक अपराधों में एडीजे कोर्ट का सख्त रुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लैंगिक अपराधों के मामलों में एडीजे (पॉक्सो कोर्ट) द्वारा लगातार कठोर दंड दिए जा रहे हैं, जिससे अपराधियों में भय का वातावरण बन सके और समाज में न्याय की भावना को बल मिले। इसी क्रम में थाना हयातनगर जिला सम्भल के एक गंभीर मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2020 का है, जिसमें रवि सिंह पुत्र गंगा सहाय निवासी सैंजना, थाना हयातनगर ने तहरीर दी थी कि 29 अगस्त 2020 की रात उसका पुत्र व पुत्री घर पर सो रहे थे। उसी दौरान गाँव के दिनेश पुत्र भूप सिंह और शैलेश पुत्र नरेश ने घर में घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ तमंचा दिखाकर बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में एफआईआर संख्या 345/2020, धारा 452, 376, 506 आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा दिनेश को धारा 452 के तहत 03 वर्ष का कठोर कारावास और 3,000 रु. जुर्माना लगाया गया। पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत आजीवन कारावास और 1 लाख रु. का अर्थदंड का प्रावधान किया गया। अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में 06 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि पीडिता को क्षतिपूर्ति स्वरूप दी जाएगी।

वहीं मामले में दूसरा आरोपी शैलेश, सजा सुनाए जाने के समय तक न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने आदेश जारी किया है कि उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने प्रभावी पैरवी करते हुए ठोस साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोष सिद्ध करवाया। न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कठोर सजा सुनाते हुए स्पष्ट किया कि नाबा. लिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। यह फैसला समाज में यह स्पष्ट संकेत देता है कि पॉक्सो जैसे सख्त कानूनों के अंतर्गत अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

न्यायालय द्वारा लगातार सुनाई जा रही सख्त सजाएं इस दिशा में एक बड़ा कदम है।

# न्याय से वंचित मजबूर पिता अब भूख हड़ताल पर बैठने के लिए तैयार



**कांठ।** न्याय से वंचित एक मजबूर पिता अब भूख हड़ताल पर बैठने को तैयार है उसने इस बाबत एक पत्र पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में भी दिया है। बतादे की हल्द्वानी निवासी जियाउद्दीन कुरैशी की बेटी की शादी गढ़ी गांव में हुई थी जहां पर दो माह पहले उसका शब उसी के घर में फंदे पर लटका मिला। मृतका के पिता ने अपनी बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया लेकिन बाकी लोग अभी गिरफ्तार नहीं हो पाए हैं पीड़ित पिता ने सभी अधिकारियों के पास जाकर अपनी व्यथा सुनाई और मुख्य आरा. ेपी डॉक्टर जाहिद समेत सभी पर उसकी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग की लेकिन पुलिस अभी उनमें से किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। पीड़ित पिता का कहना है कि 61 दिन बीत जाने के बाद भी अभी पुलिस उसे न्याय नहीं दिला पाई है आज पीड़ित कांठ पहुंचा और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में जाकर एक पत्र सौंपते हुए 6 अगस्त को 10:00 बजे कांठ तहसील प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान यदि उनके साथ कुछ गलत होता है तो उसकी जिम्मेदारी भी पुलिस प्रशासन की होगी।

### जंगल में मिला अज्ञात शव थाना डिलारी के आलोक का निकला, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा



**कांठ।** पट्टी मोडा के जंगल में खराब हालत में मिला शब थाना डिलारी के आलोक का निकला पुलिस ने फिलहाल शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है दोपहर को पट्टी मोडा के जंगल में एक अज्ञात शब पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां मृत व्यक्ति मेंड के पास गली सड़ी हालत में पड़ा मिला उसकी जेब में मोबाइल भी था और हेलमेट उसके नजदीक ही पड़ा था सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने अपने स्तर से जांच की तो पता लगा कि उक्त शब थाना डिलारी क्षेत्र के गांव बवानिया पट्टी निवासी आलोक पुत्र भूरे का है।

यह कई दिन से गायब था और 25 जुलाई को इसकी गुमशुदी डिलारी थाने में दर्ज की गई थी। फिलहाल पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। आलोक की मौत कैसे हुई और वह यहां अंदर जंगल तक कैसे पहुंचा इसका अभी कोई खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# पंचायत चुनाव से पहले होगा नगरीय सीमाओं का विस्तार

**कांठ।** प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले नगरीय सीमाओं का विस्तार होगा। इसके मद्देनजर वर्तमान में चल रही ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया और मतदाता सूची को संशोधित किए जाने के अभियान पर रोक लगना तय है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार संबंधित आदेश 1-2 अगस्त तक जारी हो जाएगा।पंचायतीराज विभाग ने 21 मई को शासनादेश जारी करके त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर नगर निकायों के सृजन एवं सीमा विस्तार पर रोक लगा दी थी। इतना ही नहीं ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के वार्डों के परिस. ीमन के लिए विस्तृत कार्यक्रम भी जारी कर दिया है जो 18 जुलाई से चल रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी 11 जुलाई को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया।, 97 नए नगर निकायों के गठन और 107 के सीमा विस्तार के प्रस्ताव अभी लंबित हैं। इसलिए नगर विकास विभाग ने पिछले सप्ताह पंचायतीराज विभाग से 21 मई के शासनादेश को रद्द करने का अनुरोध किया था। हालांकि, अभी तक सरकार की ओर से इस पर अंतिम निर्णय नहीं आया है। इससे पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार परिसीमन और मतदाता सूची संशोधित करने की प्रक्रिया चालू है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के मुताबिक पहले नगरीय क्षेत्रों के विस्तार के प्रस्तावों पर विचार होगा। इससे भी यह माना जा रहा है कि चुनाव से संबंधित प्रक्रियाएं उसके बाद ही पूरी की जाएंगी

# होम्योपैथी का निःशुल्क शिविर लगेगा तहसील क्षेत्र के ग्राम जगनिया में स्वतंत्रता दिवस पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** होम्योपैथी के प्रचार प्रसार और होम्योपैथी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 15 अगस्त को होम्योपैथिक क्लीनिक पर निशुल्क परामर्श कैंप का आयोजन किया गया है। होम्योपैथिक के डॉक्टर मनोज कुमार सिंह व डॉक्टर दीक्षा सिंह मरीज को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यह दोनों मुरादाबाद में होम्योपैथिक में मरीज का उपचार करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में होम्योपैथी के बारे में लोगों को जानक. ारी कम है। इसलिए इन लोगों ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के लिए एक विशाल कैंप का आयोजन इंटीरियर गांव जगनिया में किया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग आजादी का जश्न घरों पर ही मानते हैं इसलिए 15 अगस्त को होम्योपैथी कैंप के लिए चुना गया है।संजीवनी होम्योपैथिक क्लीनिक मुरादाबाद के संचालक डॉक्टर मनोज कुमार सिंह एवं डॉक्टर दीक्षा सिंह ने बताया है कि होम्योपैथी गंभीर रोगों के लिए भी एक कारगर पैथी है ऐसे रोगियों को भी होम्योपैथी से ठीक किया जा सकता है जिन्हें गंभीर रोग है और बड़े-बड़े अस्पतालों ने उन्हें वापस कर दिया है। दूसरे यह की यह सारी पैथियों से सस्ता इलाज है। ग्रामीण क्षेत्र की गरीब जनता होम्योपैथिक को समझ जाएगी काफी सस्ते में बड़ी से बड़ी लंबी बीमारी का इलाज हो जाएगा और वह स्वस्थ हो जाएंगे रोगों से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि यह निशुल्क परामर्श कैंप पहले से भी लगता चला आ रहा हैं।इस दिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं और सभी को निशुल्क परामर्श एवं होम्योपैथिक दवाई दी जाती है। काफी लोगों को गंभीर बीमारियों से भी निजात मिल चुकी है। उन्होंने तहसील क्षेत्र के रोगियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने की अपील की है।

# फतेहपुर शरीफ नगर गेस्ट हाउस का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## निर्माण में अनियमितता पर सख्त रुख, निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने व्यक्त की नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा विकासखण्ड बहजोई के ग्राम फतेहपुर शरीफ नगर स्थित गेस्टहाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन फीनिशिंग आदि निर्माण कार्य तथा अभी तक हेंडओवर न किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गये व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को चेतावनी जारी करने तथा नोडल प्रभारी पर कार्यवाही के भी निर्देश दिए। वहीं ठेकेदार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए ब्लैक लिस्टेड कराने एवं एफआईआर की कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा किचन को तैयार कराने, पौधारोपण कराने तथा चहारदीवारी पर फैंसिंग कराने को लेकर भी निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिक्षण अभियंता विद्युत को गेस्ट हाउस के फीडर को चेंज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गेस्टहाउस के निर्माण कार्य को एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा गेस्टहाउस की मासिक समीक्षा को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

सप्ताहभर गतिरोध के बाद आखिरकार सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जहां सरकार की तरफ से मोर्चा संभाला, तो वहीं विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने विशेष रूप से मोर्चा संभाला। चर्चा में भाग लेते हुए रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर किसी के दबाव में नहीं रोका गया। जबकि विपक्ष इस तरह का आरोप लगाता रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोका गया है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि हमने सभी ऑपरेशन के लक्ष्य तय समय में हासिल किए और यह सारी प्रक्रिया आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति का हिस्सा है और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

मतलब साफ है कि अगर भविष्य में इस तरह के हालात पैदा होते हैं, तो भारत इस तरह की कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं। रक्षा मंत्री ने यह भी साफ किया है कि भारत का इरादा कोई युद्ध लड़ने का नहीं था, बल्कि आतंकियों के ढांचे को नेस्तनाबूद करना था, जिसको हमारी सेना ने 22 मिनट में हासिल कर लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्ध रो. कने को लेकर कहा कि पाक की तरफ से सैन्य अभियान महा. निदेशक के स्तर पर संपर्क का आग्रह किया गया था। जिसमें कार्रवाई रोकने की बात कही गई थी। भारत ने यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार कर ली थी कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा।

उन्होंने विपक्ष की इस बात को लेकर भी आलोचना की कि वह गैर जिम्मेदाराना सवाल उठाता रहा है, जिसमें भारत के कितने विमान गिरे यह सवाल भी है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी ऑपरेशन सिंदूर चर्चा पर हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत और पाक के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की। जाहिर है, ऐसा कहकर वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को ही आयना दिखा रहे थे, जो बार-बार युद्ध रोकने का श्रेय लेने की कोशिश करते रहे हैं। जयशंकर ने यह भी बताया कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद किस तरह के कदम पाक के विरुद्ध उठाए गए। विपक्ष की तरफ से गौरव गोगोई ने चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई सवाल दागे। पहला सवाल तो उनका यही था कि आखिर आतंकवादी भारत की धरती पर कैसे आए और वह एक घंटा तक घटना स्थल पर कैसे रहे। फिर वह कहां गायब हो गए। सौ दिन गुजर जाने के बाद भी आज तक उनके बारे में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। न ही उनकी जानकारी सरकार के पास है जिन्होंने आतंकवादियों की मदद की। सवाल माकूल भी है, जब तक आतंकवादी पकड़े नहीं जाते, तब तक भ्रम की स्थिति बनी ही रहेगी। साथ ही गोगोई का यह भी कहना था कि सरकार को बताना चाहिए कि जब पाकिस्तान घुटनों पर आ गया तो उसके साथ क्या डील हुई, उन्होंने तो यह भी पूछा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जिससे युद्ध को रोका गया।

## परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा, सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया, हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया, हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया, विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे, उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है, ऑपरेशन सिंदूर के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे।

–राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

# संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप





वीरेश तरार

**बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा।**

भारत का लोकतंत्र बहुमत से नहीं, संवाद से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का मंच नहीं, बल्कि विचारों की परख, नीतियों की बहस और जनमत की अभिव्यक्ति का पवित्र स्थल है, किन्तु दुर्भाग्यवश, बीते कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बहुमत के अहंकार ने संवाद की संस्कृति को हाशिए पर डाल दिया है। न सत्तापक्ष सुनना चाहता है, न विपक्ष को बोलने दिया जाता है। संसद की कार्यवाही सुचारू नहीं, बल्कि रणनीतिक बन गई है, जहां विपक्ष की हर आलोचना देशद्रोह का पर्याय बना दी जाती है, और बहुमत का हर निर्णय अंतिम सत्य मान लिया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने संसद को एक ऐसा मंच माना जहां उन्हें आलोचना सुननी हो, तो वे पूरे धैर्य से सुनें। प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम् , प्रचंड बहुमत होते हुए भी विपरीत विचारधारा और मुखर वक्तव्य शैली के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उन्होंने ना केवल अपने मंत्रीमंडल में शामिल किया वरन् उनकी कही बातों का संज्ञान भी लिया। एक बार जब राममनोहर लोहिया ने बेहद तीखी भाषा में सरकार की नीतियों की आलोचना की, तो नेहरू ने उन्हें बोलने से नहीं रोका, बल्कि कहा कि आलोचना लोकतंत्र का प्राण है। अगर मैं आलोचना नहीं सुन सकता, तो मुझे यहां नहीं होना चाहिए। यह कथन न केवल उनकी राजनीतिक परिपक्वता दर्शाता है, बल्कि उस समय की लोकतांत्रिक संस्कृति से हमारा परिचय भी कराता है, लेकिन वर्तमान समय में संसद में जो दृश्य देखने को मिलते हैं, वे लोकतंत्र के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। जिस संसद को सरकार और विपक्ष मिलकर चलाते हैं, वह अब टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है।

सत्तापक्ष संवाद की बजाए, संख्याबल पर निर्भर हो गया है और विपक्ष अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को विवश है। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक नुकसान उस लोकतंत्र को हो रहा है जिसे जनता ने अपने मत से चुना था। इसी संदर्भ में तीन कृषि कानूनों का प्रसंग हमारे सामने एक जीवंत उदाहरण के रूप में खड़ा है। बिना पर्याप्त बहस, बिना किसी संसदीय समिति में भेजे और बिना विपक्ष की सहमति या जन-संवाद के, तीन महत्वपूर्ण कानून संसद में पारित कर दिए गए। जिनका सीधा असर देश के लगभग पचास प्रतिशत किसानों पर पड़ना था, उनकी आवाज तक को न सुना गया। न कोई संसद में विस्तृत बहस हुई, न किसानों के संगठनों को विश्वास में लिया गया। परिणाम यह हुआ कि देश के किसान एक वर्ष से अधिक समय तक सड़कों पर रहे, सैकड़ों जानें गईं, और अंततः सरकार को कानून वापस लेने पड़े। यह केवल नीति की हार नहीं थी, यह संवादहीन शासन के पतन का प्रतीक था। इसी दौर में संसद के अंदर और बाहर कई ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने लोकतंत्र की नींव को झकझोर दिया। कई बार विपक्ष के सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। केवल इसलिए कि उन्होंने अपनी बात रखने की कोशिश की।

बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक संकेत है। संसद के इतिहास में ऐसा भी समय रहा है जब इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल लागू कर देश की संवैधानिक संस्थाओं को लगभग ठप कर दिया। संविधान संशोधन के माध्यम से ऐसा बदलाव लाया गया जिसने संविधान की आत्मा को ही झकझोर दिया। उस समय भी संसद को महज एक औपचारिक मुहर बना दिया गया। लेकिन जनता ने इसका जवाब दिया और आपातकाल के बाद के चुनावों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई।

उसी प्रकार जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने विपक्ष को हमेशा सुना। बहुमत न होने के बावजूद, उन्होंने संवाद को कभी छोड़ा नहीं। विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को गंभीरता से लिया गया, नीतियों में समावेश किया गया। मनमोहन सिंह, सोमनाथ चटर्जी जैसे विपक्षी नेताओं की बातें ध्यान से सुनी जाती थीं। संसद में बहस होती थी, तीखी आलोचना होती थी, पर लो. कतंत्र चलता था। संसद, संसद की तरह चलती थी। आज उस परंपरा का पतन हो रहा है। संसद का मानसून सत्र कई बार बिना किसी कार्यवाही के समाप्त हो जाता है क्योंकि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता या विपक्ष केवल वाकआउट तक सीमित रह जाता है। विधेयक बिना चर्चा पारित हो जाते हैं। संसदीय समितियों का महत्व कम हो गया है। विधाई प्रक्रिया में जनता की भागीदारी लगभग समाप्त हो चुकी है। आज जरूरत है उस संस्कृति की पुनः स्थापना की, जहां बहस हो, असहमति हो, संवाद हो, संशोधन हो, और सबसे जरूरी सहमति हो। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, वह सत्ता चलाने की जिम्मेदारी है कृ सबको साथ लेकर, सबकी सुनकर। संसद में बहुमत का अर्थ केवल विधेयक पारित कराना नहीं, बल्कि सहमति बनाना होना चाहिए। यदि संसद में संवाद खत्म हो गया, तो लोकतंत्र केवल एक ढांचा बनकर रह जाएगा कृ जिसमें आत्मा नहीं होगी। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, वैकल्पिक सोच प्रस्तुत करना है। और सत्ता का धर्म है, उस विरोध को सुनना। एक स्वस्थ संसद वही है, जिसमें बहस होती हो, न की जिसमें बहुमत का शोर सुनाई दे।

आज के समय में जब राजनीति संवाद से अधिक प्रचार की ओर बढ़ रही है, तब यह लेख एक स्मरण है कि भारत का लोकतंत्र बहस, संशोधन और सहमति से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का नाम नहीं, बल्कि देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है। और यदि वह आत्मा मौन हो गई, तो लोकतंत्र केवल दिखावा बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समय के साथ अंतरिक्ष में भारत का बढ़ता कद

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी, लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ एक मिशन की रक्षा की बल्कि एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुंचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह कृन सिर्फ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययनकृइन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। यह निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।


यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है -जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। यह कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। यह समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता हैकृचाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

**-डा. जितेंद्र सिंह**

(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं)

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया



तनवीर जाफरी

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाकिफ है परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल खासतौर से गजा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के खिलाफ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमे. रिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है।



7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किए गए और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह गजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। गजा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।

खबर है कि गजा में गजा ह्यूमनटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलाएं भोजन की खातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसरा. इली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गए। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिए बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हजार से अधिक फिलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि गजा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को जिम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फिलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि गजा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। गजा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाजी लगाकर लाइनों में लगकर चौरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुजारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। जरा सोचिए जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के जुल्म और गजा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की खबर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे?

इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं। एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फिलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फिलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फिराक में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है, को सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिस पर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था, क्योंकि वह अलकायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम HTS नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने HTS को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन HTS को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है। गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इजरायल के खिलाफ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहम ो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिठ्ू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व खासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक सिखाया जाए और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाए। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बखूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साजिश को भी समझ रहा है।परन्तु खबर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को कतर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग कर तथा इराक और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराकी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिजबुल्लाह, ने इराकी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराकी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था और अब केवल दो महीने बचे हैं यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक छोड़ने की चेतावनी दे दी गई है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी अलग राय होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा में भुखमरी भयावह: डोनाल्ड ट्रम्प का इजरायल को कड़ा संदेश, 'तुरंत फैसला लो'

## इजरायल का बड़ा हमला, 34 की मौत, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल, कई घायल





**गाजा/एडिनबरा/तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के चलते गाजा में दिन-प्रतिदिन संकट और गहराता जा रहा है। उधर, इजरायल के हमले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। ताजा घटनाक्रम की बात करें तो इजरायल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

यह हमला उस समय हुआ जब इजरायल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रो. कने की घोषणा की थी ताकि मानवीय मदद बेहतर ढंग से पहुंच सके। इजरायली सेना ने बताया था कि गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी इलाके में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। इसका मकसद था भूख से जूझ रहे लोगों तक सुरक्षित रास्तों से राहत सामग्री पहुंचाना। हालांकि इजरायल ने ये भी साफ कर दिया कि वह सैन्य अभियान पूरी तरह नहीं रोकेगा। सोमवार को जो हमले हुए, वे उसी 10 घंटे की राहत अवधि से बाहर किए गए। इस पर अभी तक इजरायली सेना की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। वहीं मामले में केंद्रीय गाजा औदा अस्पताल ने कहा कि उन्हें सात लोगों के शव मिले, जो एक अमेरिकी-इजरायली मदद केंद्र के पास इजरायली गोलीबारी में मारे गए।

20 लोग घायल भी हुए हैं। मुवासी इलाके में एक घर पर हमले में गर्भवती महिला सहित 12 लोग मारे गए। डाक्टरों ने जटिल आपरेशन के बाद महिला के गर्भस्थ शिशु को बचा लिया। वहीं खान यूनिस शहर के जापानी मोहल्ले में दो-मंजिला मकान पर हुए हमले में 11 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। गाजा में भूख और कुपोषण की स्थिति दिन-ब-दिन खराब हो रही है। मामले में राहत एजेंसियों ने कहा है कि इजरायल की नई मदद नीति सही दिशा में कदम जरूर है, लेकिन अब भी यह पर्याप्त नहीं है। दुनिया भर में भूखे और कुपोषित बच्चों की तस्वीरों पर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या की थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इजरायल ने भारी सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसमें अब तक 59800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फलस्वरूप गाजा में भुखमरी का संकट और गहराता जा रहा है। इजरायल का कहना है कि हमास अब भी 50 बंधकों को पकड़े हुए है, जिनमें से आधे से ज्यादा मारे जा चुके हैं। वहीं इजरायल ने हमास के

### गाजा में इजरायल ने पहली बार मदद पहुंचाई, आटा चीनी व रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए

खिलाफ जंग के बाद पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजरायल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाई जा सके। मार्च से मई तक इजरायल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजरायल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजरायल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। इसी बीच गाजा में जंग से फैली भुखमरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार बयान दिया है।



शिमला। बारिश के दौरान छाता लगाकर पैदल जाते यात्री।

## अमेरिका और यूरोपीय संघ में हुआ व्यापार समझौता

**लंदन।** अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) में व्यापार को लेकर सहमति बन गई है। दोनों ने एक बैठक के बाद तय किया कि अमेरिका, ईयू के कई उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को हुई बैठक के बाद यह ऐलान किया। यह घोषणा स्कॉटलैंड में हुई बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में की गई। दोनों नेताओं ने इस समझौते को 'व्यापार संतुलन' बहाल करने और अधिक न्यायसंगत कारोबार को बढ़ावा देने वाला बताया। ट्रंप ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि यह समझौता अमेरिकी कारों को यूरोपीय बाजार में दोबारा प्रवेश करने और ईयू में कृषि निर्यात को सरल बनाएगा। दवाईयां इस समझौते से बाहर हैं, जबकि ईयू से अमे. रिका को निर्यात होने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर मौजूदा 50 प्रतिशत शुल्क लागू रहेंगे। विदित हो कि इससे पहले तक ईयू से अमेरिका को निर्यात होने वाली कारों पर पहले ढाई प्रतिशत टैक्स था जो अब बढ़कर 15 फीसदी हो जाएगा। यह समझौता अमे. रिका को ईयू उत्पादों पर व्यापक रूप से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकाक में गोलीबारी में छह लोगों की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार को गोलीबारी की एक घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया थाईराथ ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी में जिन लोगों की मौत हुई उनमें चार लोग बाजार के सुरक्षाकर्मी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर ने बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना में कुल छह लोग मारे गए, जिसमें हमलावर भी शामिल है।

### ट्रक-बस की टक्कर में 16 लोगों की मौत, 51 घायल

**कोटे डी आइवर।** आइवरी कोस्ट में एक ट्रक और बस के बीच हुई टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 51 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दुर्घटना एक सार्वजनिक परिवहन बस और एक ट्रक के बीच हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, 16 लोगों की मौत हो गई और 51 घायल हो गए।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत, कई घायल

बर्लिन। दक्षिणी जर्मन राज्य बाडेन-वुर्टेमबर्ग में रविवार शाम एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। यह दुर्घटना रीडलिंगन शहर के पास उस समय हुई जब ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर एक कमांड सेंटर स्थापित किया है और बचाव कर्मियों को तैनात किया है।

### इराक: बंदूकधारियों के हमले में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार को कृषि मंत्रालय के कार्यालय पर सशस्त्र बंदूकधारियों के हमले में एक पुलिस जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। इराकी गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि नवनियुक्त निदेशक की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक के दौरान बंदूकधारियों के एक समूह ने कार्यालय को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस बीच गोलियों की आवाज सुनकर वहां पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों पर की गई गोलीबारी में एक जवान की मौत हो गई।

## कंबोडिया ने की थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा

■ अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।

चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन एएसईएएन की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है।

## हूतियों ने इजरायली जहाजों को निशाना बनाने की दी धमकी

**सना।** यमन के हूती सशस्त्र समूह ने रविवार देर रात चेतावनी दी है कि वह किसी भी गंतव्य की ओर जा रहे इज़राइल से जुड़े सभी विदेशी जहाजों को निशाना बनाना शुरू करेगा। समूह ने यह बयान गाजा के खिलाफ इज़राइल की 'नाकाबंदी के बाद वहां व्याप्त भुखमरी' का बदला लेने के लिए दिया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में कहा इस कार्रवाई में इज़राइली बंदरगाहों से जुड़े किसी भी कंपनी के सभी जहाजों को निशाना बनाना शामिल है फिर चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो। वे जहां कही भी हमारी सेना की पहुंच में आए, हम उन्हें निशाना बनाएंगे।

# भारतीय डॉक्टरों को यूनुस का सलाम

## बांग्लादेश प्लेन क्रैश-तीन देशों की टीम से मिले

■ कहा: आप सिर्फ स्किल नहीं दिल भी साथ लाए

■ यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर व नर्स शामिल थे, इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतर्. रम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने भारत, चीन और सिंगापुर के डाक्टरों की टीमों से मुलाकात की। उन्होंने ढाका प्लेन क्रैश में घायल हुए लोगों की मदद के लिए डाक्टरों का धन्यवाद दिया।

यूनुस ने कहा कि ये टीमें सिर्फ अपनी स्किल्स नहीं, दिल भी साथ लेकर आई हैं। यह मुलाकात स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में हुई। यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर और नर्स शामिल थीं। ये टीम ढाका में प्लेन क्रैश के पीड़ितों का इलाज कर रही हैं। इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। भारत ने हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए डाक्टरों और नर्सों की एक विशेष मेडिकल टीम के साथ चिकित्सा उपकरणों की खेप भेजी है। राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा-दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया। सोमवार को स्कूल के ऊपर वायुसेना का ट्रेनर विमान एफ-7बीजीआई गिर गया, जिसके बाद स्कूल परिसर में विमान का मलबा बिखर गया। हादसे में पायलट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम की मौत हादसे में विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम मारे गए।

# चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

## शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप, बौद्ध संघ ने मान्यता की रद्द



■ कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं

■ शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है: बौद्ध संघ

बीजिंग। चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं।

चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आएगी, उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जाएगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खासकर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं। शी योंगक्सिन 1999 से शाओलिन मंदिर के मठीधीश हैं। उन्होंने इस मंदिर को एक तरह से आधुनिक बिजनेस माडल में बदल दिया, जिसके चलते उन्हें 'सीईओ मोंक' कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में मंदिर ने विदेशों में स्कूल खोले और मोंक (भिक्षुओं) का एक ग्रुप बनाया जो दुनियाभर में शाओलिन कुंग फू शो करता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब योंगक्सिन विवादों में आए हैं।

सबसे पहले साल 2006 में एक स्थानीय सरकार ने उन्हें लगभग 1 मिलियन युआन (करीब+125,000) मूल्य की एक वोक्सवैगन एसयूवी उपहार में दी थी। तब माना गया कि शी ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की थी, जिससे खुश होकर सरकार ने उन्हें यह गिफ्ट किया है। हालांकि तब योंगक्सिन ने इसे एक गिफ्ट बताया और कहा कि उन्होंने कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया गया।

## जयशंकर ने द. कोरियाई विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के नवनियुक्त विदेश मंत्री चो ह्यून से सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान परस्पर संबंधों को मज़बूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। चो ह्यून को पिछले सप्ताह ही कोरिया का नया विद. ेश मंत्री नियुक्त किया गया था। डा. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज सुबह कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ह्यून से बात करके अच्छा लगा। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ पहली बार बातचीत की।

## तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली बम किए टेस्ट

### GAZAP और NEB-2 घोस्ट बम 970 किलो वजनी, एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं

**अंकारा।** तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम जीएजेडएपी और एनईबी-2 घोस्ट का सफल परीक्षण किया है। तुर्की ने इस्तांबुल में आयोजित 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (आईडीईएफ) 2025 फेयर के दौरान 26-27 जुलाई को इस बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया।

दोनों बम 970 किलोग्राम (लगभग 2,000 पाउंड) वजनी हैं। इसे तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसंधान और विकास (आर-डी) केंद्र ने डिजाइन किया है। जीएजेडएपी थर्मोबैरिक वारहेड से लैस है। ये बम एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं। फुटेज से पता चलता है कि यह बम सैकड़ों वर्ग मीटर के क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसमें 10 हजार विशेष कण हैं, जो विस्फोट के बाद 10.6 कण प्रति वर्ग मीटर की दर से फैलते हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों बम के सभी परीक्षण पूरे हो चुके हैं और अब यह उपयोग के लिए तैयार है। तुर्की ने एनईबी-2 घोस्ट बम का परीक्षण किया है। ये जमीन के नीचे 295 फीट तक जाकर हमला करता है। तुर्की ने इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर में बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया है। इसमें बम को सटीक निशाना लगाते देखा जा सकता है। बमों को बंकरों और मजबूत संरचनाओं को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

## सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई गई है। सनी ने दलाई लामा के साथ जो तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली है, उसमें वह उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था। लद्दाख की शांत वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई। उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली। इस पल को मै कभी नहीं भूल सकता।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट